
रायसेन, मंगलवार, 03 मार्च 2026 ● वर्ष - 13 ● अंक - 244 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये RNI No. MPHIN/2012/43555

।। श्री हरि शरणम् ।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




# अमृत दर्शन



Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित

## सबसे पहले बाबा महाकाल के आंगन में होलिका दहन, भक्तों ने लगाए जयकारे, गुलाल भी उड़ाया



**उज्जैन ■ एजेंसी**

वैसे तो पूरे देश में त्योहार पंचांग के हिसाब से मनाए जाते हैं, लेकिन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की बात ही कुछ अलग है। यहां हर उत्सव की शुरुआत सबसे पहले भगवान के आंगन से ही होती है। सोमवार को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भी पूरी दुनिया से पहले महाकाल मंदिर के परिसर में होलिका दहन किया गया।

यहां की परंपरा इतनी खास है कि जब तक महाकाल के दरबार में होली की अग्नि नहीं जलती, तब तक पूरे उज्जैन में कहीं और होलिका नहीं जलाई जाती। इसके पीछे लोगों की गहरी आस्था तो है ही, साथ ही यह महादेव की सहजता को भी दिखाता है कि वे ही इस पूरी सृष्टि के स्वामी हैं और हर खुशी की शुरुआत उन्हीं से होनी चाहिए।

### राजाधिराज के दरबार से शुरुआत

उज्जैन में महाकाल को वहां का राजा माना जाता है। पुरानी परंपरा के अनुसार, प्रजा अपने राजा के घर उत्सव मनाने के बाद ही अपने घरों में त्योहार मनाती है। यही वजह है कि होलिका दहन के दिन सबसे पहले मंदिर में विशेष पूजा और संध्या आरती हुई। इसके बाद पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ मंदिर प्रांगण की होली जलाई जाती है। माना जाता है कि महाकाल की अग्नि में आहुति देने से पूरे नगर की नकारात्मक शक्तियां दूर होने की संभावना बढ़ जाती है। इस पावन अग्नि के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु खिंचे चले आते हैं।

### शिव और शक्ति का अटूट विश्वास

महाकाल मंदिर की होली केवल लकड़ियों का जलना नहीं है, बल्कि यह शिव और शक्ति के प्रति अटूट विश्वास का पर्व है। मंदिर में होने वाले इस आयोजन में सबसे पहले गुलाल बाबा को अर्पित किया जाता है। जहां दुनिया भर में लोग भद्रा या सूतक को लेकर मन में आशंका पालते हैं। वहीं, महाकाल के भक्त उनकी शरण में आकर हर डर से मुक्त हो जाते हैं। बाबा की कृपा ऐसी है कि वे अपने भक्तों के हर दुख को दूर कर देते हैं। इस उत्सव का संचालन मंदिर समिति और पुजारी बड़ी ही भव्यता के साथ करते हैं।

### त्रिपुरा के सीएम ने किए भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ.



माणिक साहा ने सोमवार को सपत्नीक भगवान महाकाल के दर्शन किए। परंपरा अनुसार उन्होंने सोला पहना और नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया। इसके बाद भगवान का आशीर्वाद लिया और फिर नंदी महाराज का जलाभिषेक करते हुए उनके कान में मनोकामना भी कही। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव शेयर करते हुए मीडिया से कहा कि करीब 50 साल बाद में यहां आया हूं। काफी समय से सोच रहा था भगवान महाकाल के दर्शन करने की। आज दर्शन करके बहुत खुश हूं। भगवान से यही प्रार्थना की है कि देशवासियों का कुशल एवं मंगल हो।

### कच्चा तेल हुआ बेकाबू! अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच 13 प्रतिशत बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग का सीधा असर अब तेल की कीमतों पर दिखने लगा है. अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप मच गया है. सोमवार को जैसे ही बाजार खुला, कच्चे तेल की कीमतों ने पिछले चार साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया. ईरान के पास स्थित होर्मुज स्ट्रेट जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है, वहां जहाजों की आवाजाही रुकने से तेल सप्लाई ठप होने का डर पैदा हो गया है. सोमवार सुबह अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 13% की भारी उछाल के साथ 82 प्रति बैरल पर पहुंच गईं. यह जनवरी 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

### होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं


**प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की दैनिक अमृत दर्शन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।**

**-संपादक**

### अंतर्मना उवाच

***भूख के वक्त कुछ दिखाई नहीं देता.. लेकिन भूखा पेट बहुत कुछ दिखा देता है..!***

*दो प्रकार के लोग हैं इस वसुंधरा पर -- **एक वह जो जीने के लिये भोजन करते हैं और दूसरे वह जो खाने के लिए ही जीते हैं।** जीने के लिए खाने वाले लोग दिन में दो बार भोजन करते हैं - स्वास्थ्य के लिए और दीर्घकालीन जीने के लिए। खाने के लिए जीने वाले लोग दिन भर चटर पटर खायेंगे। खाने के लिए जीने वाले लोग स्वाद के लिए खायेंगे और डाक्टर के चक्कर लगायेंगे।*



***आज कल लोग मोटापा को कम करने के लिए अनेक प्रकार की दवाइयां और गोली खा रहे हैं, जो शरीर को भयंकर नुकसान दे रही है।** अगर हम 50 साल पहले के खान पान को देखें तो उस समय उतनी बीमारी नहीं थी, जितनी बीमारी आज बढ़ रही है कुकुरमुत्तो की तरह। पहले व्यक्ति दो बार भोजन करता था और 6-8 घंटे की नींद लेता था। आज यह सब खत्म सा हो गया है, क्योंकि आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं, वह दौर फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का दौर है। जो कम से कम रुपये पैसे में मिलते हैं, वह पैक पैकेट आते हैं -- खोलो, गर्म पानी में डालो और सीधा खाओ। **आज मोटापा बढ़ने का कारण और बीमारी बढ़ने की वजह हमारा खान पान ही है।** बार-बार खाने पीने से शरीर में इन्सुलिन का स्तर बढ़ जाता है और मस्तिष्क पर तृप्ति केन्द्र कम संवेदनशील हो जाता है। फिर हमारी असली भूख मर जाती है, चटर पटर खाने की आदत लग जाती है। मोटापा और बीमारी उसी चटर पटर का परिणाम है।*

*सात्विक भोजन के खान पान से शरीर ऊर्जावान, मस्तिष्क तरोताजा और आत्म विश्वास जागृत बना रहता है। **स्वस्थ शरीर का मूल मंत्र है भोजन में संयम।** कम से कम भोजन करने की आदत डालना चाहिए, यह कठिन काम नहीं है, सिर्फ 7 दिन का अभ्यास ही हमें हजार बीमारियों से बचा सकता है और **हर मास एक उपवास** दीर्घकालीन जीवन दे सकता है। **भूख एक बीमारी है, भोजन उसकी औषधि है।** आदमी को भोजन औषधि समझकर करना चाहिए, ताकि दवाखाने ना जाना पड़े। **जो लोग भोजन को दबा-दबा के खाते हैं, वही लोग दवा खाने जाते हैं...!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### उड़ता तीर




### कृषि कैबिनेट के निर्णय से निमाड़ के साथ संपूर्ण मप्र के विकास को मिलेगी रफ्तार

## नागलवाड़ी में पहली कृषि कैबिनेट, 27,746 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

### किसानों के हित में लिए कई निर्णय

**बड़वानी ■ प्रतिनिधि**

मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट आयोजित की गई। यह बैठक जनजातीय अंचल में पहली बार आयोजित हुई। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में खेती, बगवानी हर क्षेत्र में उन्नति हुई है। इस क्षेत्र में सभी प्रकार की जल परियोजनाएं पूरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार सरोवर बांध और नर्मदा घाटी परियोजनाओं के माध्यम से निमाड़ का सूखा खत्म हुआ, अब यहां से पलायन खत्म हुआ है। यह क्षेत्र अब हरियाली और समृद्धि का प्रतीक बन चुका है। खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर और बड़वानी क्षेत्र में खेती, बागवानी और फलोद्यान में उल्लेखनीय उन्नति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ष को जनता के कल्याण से जोड़ रही है और वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टेंट-तंबू में भी किसानों की नीति बनाने का निर्णय सरकार की किसान-समर्पित सोच को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि कैबिनेट में 6 विभागों की 16 योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं का कुल वित्तीय भार 27,746 करोड़ रुपए होगा, जिसे राज्य सरकार वहन करेगी। इसमें कृषि विभाग की 3502 करोड़ दो योजनाएं, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की 4264 करोड़ की तीन योजनाएं, पशुपालन एवं डेयरी विकास की 9508 करोड़ की चार योजनाएं, मछुआ कल्याण की 218.50 करोड़ की दो योजनाएं, सहकारिता विभाग की 8186 करोड़ की चार योजनाएं, नर्मदाघाटी विकास की 2068 करोड़ की दो योजनाएं को मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी कैबिनेट ने भिलट देव स्थल के दर्शन किए। साथ ही यहां पर कई विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाएंगे।



### सीएम का होली पर शासकीय कर्मचारियों को तोहफा, अब केंद्र के समान 58% मिलेगा महंगाई भत्ता

होली के त्यौहार पर मोहन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आज होली के शुभ अवसर पर राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3% की वृद्धि कर 58% करने का निर्णय किया है। सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल (पेड इन मई) 2026 के वेतन में 58% महंगाई भत्ता मिलेगा। जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 समान किस्तों में दी जाएगी। पेंशनर्स को भी जनवरी से फरवरी 2026 की पेंशन में 58% का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। आज दिन में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत बड़वानी में कैबिनेट की, कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। शाम को सभी कर्मचारी बंधुओं और पेंशनर्स के कल्याण के लिए निर्णय लिया है। सभी को होली की बधाई।

### दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि नर्मदाघाटी विकास के तहत बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसमें बरला उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना को स्वीकृति दी है। इसमें 15 गांवों की 15,500 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा मिलेगी। इस पर 861 करोड़ रुपए की लागत आएगी। वहीं, पानसेमल सिंचाई परियोजना में 53 गांवों की 22,500 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इसकी अनुमानित लागत1208 करोड़ रुपए आएगी।

### बड़वानी में बनेगी मार्डन सब्जी मंडी

सीएम ने कहा कि निमाड़ में केला, आम, सब्जियों और अन्य फसलों के बड़े उत्पादन को देखते हुए सब्जी मंडी स्थापित होगी। ताकि यहां के किसानों को अपनी फसल बेचने की सुविधा और उचित दाम मिल सके। खेतिया उपज मंडी को आदर्श उपज मंडी बनाने की मांग आई। सीएम ने कहा कि बड़वानी में खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श उपज मंडी बनाया जाएगा। इसमें लगभग 10 करोड रुपए की लागत आएगी।

### दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी मील का पत्थर

## भारत को यूरेनियम देगा कनाडा, मोदी-कार्नी की मुलाकात में हुए कई समझौते



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत और कनाडा ने सोमवार को 2.6 अरब डॉलर की यूरेनियम डील साइन की। इसे दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी में मील का पत्थर माना जा रहा है।

दोनों देशों के बीच यह डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनेडियाई समकक्ष मार्क कार्नी की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजधानी में स्थित हैदराबाद हाउस में हुई। यूरेनियम समझौता भारत को अपने नागरिक न्यूक्लियर एनर्जी कार्यक्रम के लिए ईंधन की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करेगा। दोनों नेताओं ने कहा कि यह समझौता स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने छोटे मॉड्यूलर रिएटर्स और एडवांस न्यूक्लियर रिएटर्स जैसी नई टेक्नोलॉजी पर मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। यूरेनियम समझौते के साथ-साथ, भारत और कनाडा ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत में तेजी लाने का फैसला किया। कार्नी ने कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य 2026 के अंत तक इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है, जिससे दोनों देशों में अधिक निवेश और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने के लिए दुर्लभ खनिजों, रिन्यूएबल एनर्जी और कल्चलर एक्सचेंज क्षेत्र में कई समझौते हुए।

दोनों पीएम की मौजूदगी में विदेश मंत्री एस.जयशंकर और कनेडियाई विदेशी मंत्री अनीता आनंद के बीच दस्तावेजों का आदान प्रदान किया गया। पीएम मोदी ने भारत-कनाडा संबंधों में नई ऊर्जा लाने के लिए कार्नी की प्रशंसा की। मोदी ने कहा, 'दोनों देश मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा करते हैं, विविधता का सम्मान करते हैं और मानवता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।' मोदी ने आगे कहा, 'चर्चा का मुख्य उद्देश्य इन साझा मूल्यों को एक गहन और उन्नत साझेदारी में बदलना था। '

## राजकीय गरिमा के साथ मनाया गया भगोरिया जुलवानिया में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हुए शामिल

**बड़वानी ■ प्रतिनिधि**

बड़वानी जिले के जुलवानिया में पारंपरिक उत्साह और रंगों के बीच भगोरिया पर्व राजकीय गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजातीय बंधुओं के बीच हाट परिसर में पहुंचे तो मांदल की गूंज, गुलाल से रंगा माहौल और पारंपरिक वेशभूषा में सजे नर्तक-नर्तकियों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। सीएम ने कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर जनजातीय संस्कृति के प्रति सम्मान व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि भगोरिया केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है, जहां महिला और पुरुष समान रूप से भागीदारी करते हैं। जनजातीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार ने इसे राजकीय पर्व का दर्जा दिया है। उन्होंने निमाड़ क्षेत्र को मां नर्मदा के आशीर्वाद से समृद्ध बताते हुए कहा कि जल प्रबंधन और सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक



पानी पहुंचा है और किसान अब विविध फसलें, फल और सब्जियां उगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है और इसे मजबूत करने के लिए आधुनिक सब्जी मंडी, कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की जाएगी। जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल और वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे हजारों हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी।

### अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारत में अलर्ट, सभी राज्यों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार ने देशभर में कानून-व्यवस्था को लेकर एहतियाती कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ईरान के समर्थन या विरोध में संभावित प्रदर्शनों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम का असर देश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल सकता है। ऐसे में यदि किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में ईरान के पक्ष या विपक्ष में प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं, तो स्थानीय प्रशासन को स्थिति पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ बोले

## अंतहीन युद्ध में नहीं बदलेगी सैन्य कार्रवाई ईरानी सुरक्षा ढांचा नष्ट करना मकसद

**वॉशिंगटन ■ एजेंसी**



ईरान से जंग के बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई किसी अंतहीन युद्ध में नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद ईरान की मिसाइलों, नौसेना और अन्य सुरक्षा ढांचे को नष्ट करना है। पेंटागन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हेगसेथ ने कहा, हम पूरी ताकत के साथ और बिना किसी हिचक के सटीक हमले कर रहे हैं।

हेगसेथ ने इस सैन्य अभियान को तेहरान के साथ दशकों से चले टकराव का अंत बताया। उन्होंने कहा, हमने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में हम इसे खत्म कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकियों के खिलाफ उनका युद्ध अब उनके अयातुल्ला के खिलाफ हमारी जवाबी कार्रवाई बन गया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कहा, राष्ट्रपति ट्रंप मुद्दे पर बहुत स्पष्ट हैं। ईरान जैसे कट्टर शासन को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, जो कट्टर इस्लामी भ्रम में डूबे हुए हैं। पश्चिम एशिया में संकट गहरा गया है। अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त सैन्य अभियान में शनिवार को ईरान पर हमले हुए, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई वरिष्ठ सैन्य कमांडर मारे गए।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में फूंका चुनावी बिगुल

## बंगाल में तुष्टिकरण से विकास नहीं हो सकता, 8 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है राज्य

***दक्षिण 24 परगना (प. बंगाल) ■ एजेंसी***

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बंगाल में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक जनसभा के दौरान तृणमूल कांग्रेस की नीतियों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से राज्य का विकास नहीं हो सकता। शाह ने दावा किया कि राज्य आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने*



*दूसरे राज्यों के विपक्षी दलों की सियासत पर भी हमले बोले। उन्होंने बिहार, असम, तमिलनाडु जैसे राज्यों में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए तेजस्वी यादव, गौरव गोगोई और एमके स्टालिन की राजनीति पर भी तीखी टिप्पणी की।*

*आगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है। शाह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है और बंगाल की स्थिति लगातार खराब हुई है।*

### *अमित शाह ने ममता बनर्जी पर साधा जोरदार निशाना*

*अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर गलती से फिर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में लौटती है तो सरकार ममता बनर्जी नहीं बल्कि उनके 'भतीजे' द्वारा चलाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी राज्य के विकास में रुचि नहीं रखतीं और सिर्फ अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने यह भी कहा कि पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को राज्यसभा भेजा जा रहा है, जिनके कार्यकाल में बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ा।*

### होली पर बन रहा खगोलीय संयोग, चंद्रोदय के साथ चंद्रग्रहण का योग

**नर्मदापुरम।** होली के रंगों के बीच चंद्रमा भी तामिया लाल सा दिखकर होली खेलने जा रहा है। 3 मार्च, मंगलवार को पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होने जा रही है। इसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया में से होकर गुजरेगा, जिससे




यह गहरे लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई देगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में इसे आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनट के लिए ही देखा जा सकेगा। यह ग्रहण ग्रस्तोदय के रूप में नजर आएगा, जिसमें चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा। चंद्रग्रहण की यह घटना एशिया, ऑस्ट्रेलिया, नार्थ अमेरिका के शहरों में दिखाई देगी।

संक्षिप्त समाचार



## प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायक ने मुख्यमंत्री का नागलवाड़ी पहुंचने पर किया स्वागत

**सेंधवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजातीय बाहुल्य जिले बड़वानी के नागलवाड़ी में किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि केबिनेट के लिए बड़वानी जिले के नागलवाड़ी स्थित हेलीपेड पहुंचने पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कौशल विकास व रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक पानसेमल श्याम बरड़े ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन करने पहुँचे स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा धारण उपस्थित रहे। ढोल-मांदल और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर लोक कलाकारों ने नृत्य कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। डॉ. यादव ने भी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर इंदौर संभाग के कमिश्नर डॉ ?सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह उपस्थित अन्य उपस्थित रहे ।

## मंत्री डॉ. विजय शाह ने नागरिकों को दी होली की शुभकामनाएं

**खंडवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने रंगों के पावन पर्व होली की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द्र, भाईचारे और सामाजिक समरसता का त्यौहार है। यह उत्सव, हमारे जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। अपने शुभकामना संदेश में मंत्री डॉ. शाह ने कहा है कि रंगों का त्यौहार होली प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति लेकर आए और सभी के जीवन में आनंद और उल्लास का संचार करें।

## प्रभारी मंत्री लोधी ने नागरिकों को होली पर्व की दी बधाई

**खंडवा।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने खंडवा जिले के नागरिकों को ष्रंगों के पावन पर्व होलीष् के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली का यह उत्सव हमारे जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने कहा है कि रंगों का यह त्यौहार ष्होलीष् प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आएगा। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी नागरिक होली का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित, सौहार्द्रपूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाएं।

## 'रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप' रोजगार मेला अब 10 मार्च को होगा

**खण्डवा।** 'रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप' मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. खण्डवा में आगामी 5 मार्च गुरुवार को होना था, होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अब यह रोजगार मेला का 10 मार्च को प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में लगभग 200 बेरोजगार युवक युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर है, और आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच है, उनमें से चयनित युवाओं को 8 हजार रूपए से 25 हजार रुपये सम्बंधित कम्पनी द्वारा मानदेय दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री सिलौटे ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अन्य सुविधाएं कम्पनियों के नियमानुसार रहेंगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज के 4 फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## चंद्रग्रहण के कारण ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर मंदिर कुछ समय के लिए बंद रहेंगे

**खंडवा।** मंगलवार 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक बंद रहेंगे। मंदिर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि चंद्रग्रहण के पश्चात शाम 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक मंदिर के शुद्धिकरण एवं साफ सफाई के बाद रात्रि 8 बजे से श्रद्धालुगण मंदिर में दर्शन कर सकेंगे।

### महाकाल मंदिर में होलिका दहन के साथ होली पर्व शुरू

# वैदिक मंत्रों से जली होली; अब आरती के समय में होगा बदलाव

उज्जैन ■ निसं

देश में होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस बार भगवान महाकाल को केवल एक किलो हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया गया। संध्या आरती के दौरान पुजारी ने भगवान को गुलाल अर्पित किया। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में गोबर के उपलों से बनी होलिका का दहन किया गया।

सुरक्षा कारणों से इस बार भी आम श्रद्धालुओं को होलिका दहन स्थल के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई। पूर्व में हुई आग की घटना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष सावधानी बरतते हुए यह फैसला लिया है। होलिका दहन में संभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।

**धुलेंडी पर विशेष शृंगार और भस्म आरती:** महाकाल मंदिर में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को ही मनाया जाएगा। इस दौरान तड़के सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में सबसे पहले भगवान महाकाल को गुलाल लगाया जाएगा। इसके बाद भगवान का भांग और चंदन से विशेष शृंगार किया जाएगा। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा के अनुसार, महाकाल मंदिर में सबसे पहले होली मनाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है, जिसमें भगवान को प्रतीकात्मक रूप से गुलाल अर्पित किया जाता है।

महाकाल मंदिर में साल में दो बार भगवान की दिनचर्या में बदलाव होता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से ठंड के अनुसार आरती का समय होता है। वहीं चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से गर्मी के अनुसार आरती का समय तय होता है।



### ग्रहण के दौरान विशेष नियम

ग्रहण के सूतक काल में मंदिर के पट खुले रहेंगे, लेकिन नियमित भोग नहीं लगाया जाएगा। भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर की शुद्धि कर पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी।

### मंदिर परिसर में रंग लाने पर प्रतिबंध

- श्रद्धालुओं को रंग-गुलाल लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
- पुजारी, कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी भी रंग लेकर प्रवेश नहीं करेंगे।
- सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की जाएगी।
- मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी।
- मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि होली का पर्व मंदिर की गरिमा के अनुरूप शांति, श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाएं।

### भद्रा में होगा होलिका का दहन

फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका का पूजन माना जाता है। इस बार भद्रा भू लोक पर है, प्रदोष काल के समय होलिका का पूजन करना श्रेष्ठ होगा। इससे नकारात्मक ऊर्जा का निराकरण होता है। सिंह राशि की भद्रा भूलोक पर मानी जाती है।

### शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सघन कार्रवाई

# 5 प्रतिष्ठानों की जांच, कुल 18 नमूने लिए गए

इंदौर ■ निसं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष सघन जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लेने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आज विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई की गई।

FoSCoS पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर बलराज रिट्रीट, ग्राम गवालू, चोरल, तहसील महू का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रभारी श्री सत्यनारायण उपाध्याय उपस्थित पाए गए। परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। यहां से गुलाब जामुन, मिल्क केक, पनीर एवं दही के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए।

पाटीदार स्वीट्स, खंडवा रोड, सिमरोल, महू (इंदौर) का निरीक्षण किया गया, जहां प्रोपराइटर महेश पाटीदार उपस्थित पाए गए। प्रतिष्ठान में विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का निर्माण एवं विक्रय पाया गया। मौके से मावा पेड़ा, मावा बर्फी एवं केसर



बर्फी के कुल 03 नमूने लिए गए।

- संजय दाल मिल, पालदा से मसूर दाल के कुल 02 नमूने लिए गए।
- सरद ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन, पालदा से चना दाल के कुल 02 नमूने लिए गए।

श्री जोगणिया नमकीन एंड स्वीट्स, मोरोद फाटा, खंडवा रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। मौके पर श्री रामचंद्र कुमावत खाद्य प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए पाए गए। मौके से मिल्क केक, बेसन लड्डू एवं विभिन्न प्रकार के नमकीन के कुल 07 नमूने जांच हेतु लिए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि होली पर्व के मद्देनज़र जिले के शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मिलावट के विरुद्ध सघन जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंदौर में ली मिटिंग

इंदौर ■ निसं

बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विद्युत कंपनी की टीम गंभीरता से कार्य करे। आरडीएसएस, एसएसटीडी के नए कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो। उपभोक्ता सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ये बातें कही।

रविवार दोपहर पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में आयोजित मिटिंग में उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत किसान हो, घरेलू हो, गैर घरेलू हो या औद्योगिक श्रेणी का उपभोक्ताओं के लिए नए कार्य हो रहे हैं, ये कार्य गुणवत्ता से हो, समय से पूर्ण किए जाए, ताकि परियोजना का उद्देश्य समय पर सफल हो। तोमर ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत जो ऐजेंसियों लापरवाही कर रही है, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए, अच्छा कार्य करने वाले एजेंसी को नियमानुसार अतिरिक्त कार्य दिया जा सकता है। सिंह ने केपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद उनका गुणवत्ता परीक्षण एवं उनसे हो रहे फायदे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएबीएल, एलटीएमटी लेब का सतत पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।



कंपनी के प्रबंध निदेश अनूप कुमार सिंह ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत 97 में से 87 ग्रिड का कार्य पूर्ण होकर बिजली आपूर्ति हो गई हैं, वहीं सात हजार सात सौ ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। एलटी केबल कार्य, अंडर ग्राउंड केबल, ग्रिड रिनोवेशन व अन्य कार्य सतत पूर्ण होते जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता एसएस करवाड़िया, मती सुषमा वैश्य, आरसी जैन, एससी वर्मा, निर्मल शर्मा, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे, इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एच.पी.वी. टीकाकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**खण्डवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने इस टीकाकरण अभियान की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी आदेश अनुसार जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. रश्मि कौशल, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. योगेश शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को भी इस अभियान की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# इंदौर में साड़ी वाकेथान का भव्य आयोजन



इंदौर ■ निसं

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण उन्मूलन हेतु जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विश्व महिला दिवस पर भव्य साड़ी वाकेथान का आयोजन किया गया। वाकेथान का शुभारंभ नेहरू स्टेडियम से हुआ, जिसमें 500 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल एवं अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा दैनिक जीवन में कपड़े के झोले अपनाने की शपथ दिलाई गई।

वॉकेथान नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर डेली कॉलेज होते हुए पुन: स्टेडियम पहुंची। 'स्वच्छ इंदौर, प्लास्टिक मुक्त इंदौर' के संदेशों के साथ महिलाओं ने साड़ी परिधान में जागरूकता रैली निकालकर शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम नगर निगम, इंदौर एवं दी वर्ल्ड ऑफ फिटनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। महापौर ने स्वच्छता में महिलाओं की भूमिका को इंदौर की सफलता का आधार बताया। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अनुपयोगी वस्तुओं को ट्रिपल आर (ऋद्गस्नह्वष्द्ग, ऋद्गह्वह्यद्ग, ऋद्गष्4ष्ह्यद्ग) सेंटर पर जमा कर 'वेस्ट टू बेस्ट' अभियान में सहभागी बनें, जिससे संसाधनों का पुन: उपयोग हो सके और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिले।

### होली का उत्सव चरम पर: रंगों से महका बुधनी नगर

# बाज़ारों में चहल-पहल और रौनक अपने चरम पर

बुधनी ■ निसं

होली की पूर्व संध्या पर बुधनी नगर पूरी तरह से रंगों के त्योहार में रंगा दिखाई दे रहा है। बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे और होली से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं, जिससे प्रमुख बाज़ारों में दिनभर रौनक बनी रही।

**बच्चों और बड़ों में खास उत्साह:** बच्चों में रंग-बिरंगी पिचकारियों और कार्टून मुखौटों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं, बड़े लोग अबीर-गुलाल, रंगों और पारंपरिक सामग्री की खरीदारी में व्यस्त नज़र आए। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को खास तरीके से सजाया है।



**मिठाई की दुकानों पर खरीदारी में इजाफा:** होली के त्योहार को देखते हुए मिठाई की दुकानों पर भी भारी भीड़ उमड़ रही है। गुझिया, नमकीन और पारंपरिक व्यंजनों की मांग तेजी से बढ़ी है। व्यापारियों के अनुसार, इस बार बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बढ़ोतरी की संभावना है, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिले हुए हैं।

**गली-मोहल्लों में होलिका दहन की तैयारियाँ जोर पर:** नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारियाँ तेज़ी से चल रही हैं। जगह-जगह लकड़ी और उपलों का संग्रह किया जा रहा है तथा बच्चे उत्साहपूर्वक तैयारियों में शामिल हैं। हालांकि इस वर्ष मुहूर्त को लेकर कुछ असमंजस है, लेकिन लोगों के जोश में कोई कमी नहीं देखी जा रही।

**प्रशासन सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत:** भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। कुल मिलाकर, पूरे नगर में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल है। बाजारों की रौनक ने होली की खुशियों में चार चाँद लगा दिए हैं।

### बुधनी में होली पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क

# सुरक्षा व्यवस्था मजबूत, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



बुधनी ■ निसं

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूर्णत: सक्रिय है। नगर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

**अधिकारियों ने की जनसंवाद कर शांति बनाए रखने की अपील:** फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद करते हुए आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था, हुड़दंग या कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान रवि शर्मा, ललित सोनी, संदीप जाट सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। फ्लैग मार्च से नगरवासियों में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण और मजबूत हुआ है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और परंपराओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाएँ।

### धार्मिक पर्वों को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने की अपील

खंडवा ■ निसं

आगामी दिनों में मनाए जाने वाले पर्वों को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान व सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सहित अन्य अधिकारी एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे सहित शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को निर्देश दिए कि सड़कों के गड्ढे भरवायें। उन्होंने नगर निगम खंडवा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिरों के बाहर बनी टंकियों में पानी भरवाएं। बैठक में उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि होलिका दहन के स्थानों का मौका निरीक्षण कर देखें कि आसपास कोई विद्युत ट्रांसफर या बिजली के तार नीचे झूल तो नहीं रहे हैं। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने सभी से अपील की कि केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल न करें, बल्कि प्राकृतिक रंग व गुलाल से होली खेलें। उन्होंने कहा कि होली में लकड़ी के स्थान पर गौ-कास्ठ का उपयोग भी किया जा सकता है।



पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय ने बैठक में कहा कि त्यौहारों के दौरान वाहनों का निरीक्षण किया जाएगा तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले और क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उप महानिरीक्षक राय ने गणगौर विसर्जन के दौरान सावधानी रखने की सभी से अपील की। बैठक में उन्होंने कहा कि डीजे बजाने के लिए अनुमति लेनी होगी।

### होली एवं रंगपंचमी पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी तैनात रहेंगे

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने होलिका दहन, धुलेंडी एवं रंगपंचमी के त्योहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर को खंडवा शहर में संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सिटी कोतवाली क्षेत्र के लिए तहसीलदार महेश सोलंकी तथा नायब तहसीलदार रेमसिंह बघेल को दायित्व सौंपा गया है। पदम नगर थाना क्षेत्र के लिए विजय महाजन नायब तहसीलदार तथा अभय भटोरे नायब तहसीलदार को दायित्व सोपा गया है। मोघट रोड थाना क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार महादेव राठौर एवं नायब तहसीलदार बलराम चौहान को तथा पुलिस कंट्रोल रूम के लिए नायब तहसीलदार सुपरवीन बानो अंसारी तथा नायब तहसीलदार सुदीपाली तिरोले को दायित्व सौंपा गया है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दिनांक 2, 3, 4 एवं 8 मार्च को नियमित रूप से अपने थाना क्षेत्र का भ्रमण कर कानून व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत् थाना ईंटखेड़ी क्षेत्र में फ्लैग मार्च

**भोपाल।** पुलिस अधीक्षक राम शरण प्रजापति के निर्देशन में आगामी त्यौहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान को दृष्टिगत रखते हुए थाना ईंटखेड़ी क्षेत्र में एसडीओपी ईंटखेड़ी सुश्री मंजू चौहान के नेतृत्व में थाना प्रभारी ईंटखेड़ी आशीष सप्रे द्वारा थाना ईंटखेड़ी के बल एवं Police Training School Bhauri के बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया तथा आमजन से त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु कहा गया। इसी क्रम में जिले के अन्य थानों के संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है, जिससे कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे एवं नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। जिला भोपाल पुलिस शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत प्रतिबद्ध है।

### भोपाल रेल मण्डल में सेवा संकल्प बैठक का आयोजन

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मण्डल में 02 मार्च को मण्डल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में कंट्रोल ऑफिस स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष में एक महत्वपूर्ण सेवा संकल्प बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ में अपनाए गए सेवा संकल्प प्रस्ताव के क्रियान्वयन एवं उसके दूरदर्शी विजन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए राष्ट्र को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के संकल्प पर बल दिया गया। साथ ही डिजिटल इंडिया सहित विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी सुधारों के माध्यम से कार्य दक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय रेल राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है तथा सेवा संकल्प के अनुरूप प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को जनसेवा की भावना से कार्य करना चाहिए।

### पुरानी रंजिश के चलते ऑटो चालक के पेट में चाकू मारा

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना इलाके में देर रात पुरानी रंजिश को लेकर एक बदमाश ने ऑटो चालक के पेट में चाकू से घातक वार कर दिया। घायल को गंभीर हालत में इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने फौरन ही घेराबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग निवासी शेख तौकीर अली (40) बैट्री ऑटो चलाता है। शनिवार रात करीब 11 बजे वह पातरा रोड बरखेड़ी से जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दानिश उर्फ लाला ने उसे रोक लिया और विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार पेट में लगने से तौकीर गंभीर घायल हो गया। पुलिस का कहना है की आरोपी ने कुछ समय पहले कोहेफिजा थाना इलाके में चलती बाइक पर वसीम नामक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया था। उस समय तौकीर पीछे बैठा था। उसे भी चोटें आई थीं, तभी से तौकीर व दानिश के बीच रंजिश चल रही थी।

### त्यौहारों पर शांति बनाये रखने को लेकर पुलिस उठा रही कड़े कदम

**भोपाल।** थाना अरेरा हिल्स पुलिस द्वारा त्यौहारो पर इलाके में शांति-व्यवस्था बनाये रखने ओर अपराधो पर अंकुश लगाने के लिये गुंडे-बदमाशो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियो के अनुसार थाना अरेरा हिल्स क्षेत्र में भीम नगर एवं रोशनपुरा झुग्गियो में होने वाली आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिये थाना पुलिस द्वारा बीते दिनो में दर्जनो बदमाशो को शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा चुकी है। जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में 2 मार्च को भी थाना पुलिस ने राजेन्द्र धाकड, दीपांशु मगरधे, भूपेन्द्र राजपूत, मोहित कनाटे, बंटी उर्फ राकेश यादव, पिन्टू ऐल्वर्ड, आबिद खॉन और सिलविंज जॉय सहित 8 लोगो को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### तीन स्थानों पर हुई चाकूबाजी की वारदातें

**भोपाल।** राजधानी के छोला मंदिर, जहांगीराबाद और अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर चाकूबाजी की वारदाते सामने आई है। तीनों ही मामलों में संबधित थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। छोला मंदिर पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय शुभम चौरसिया निजी काम करता है। बीती रात वह अपने दोस्त अजय के साथ पैदल मंडी से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उन्होंने सड़क पार की तभी बाइक सवार दो लोग अचानक सामने से आ गए। बाइक सवार बदमाशों ने दोनों दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए।

### सोशल मीडिया पर होगा चुनावी वार-प्रहार

# मिशन 2028 का घमासान...कांग्रेस-भाजपा जुटी तैयारी में

भोपाल ■ निसं

मप्र में आगामी विधानसभा चुनाव 2028 में होगा। लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस और भाजपा ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनावी घोषणा से पहले दोनों पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ सोशल मीडिया पर वार-प्रहार करेंगी। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के हर व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाने के लिए कांग्रेस सोशल मीडिया को हथियार बनाएगी। इसके लिए पार्टी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को हायर कर उन्हें सक्रिय करेगी। वहीं भाजपा भी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों को अपने साथ जोड़ रही है। हाल ही में भोपाल में पार्टी के सभी विधायकों के सोशल मीडिया हैंडलर्स का प्रशिक्षण हुआ था। इसमें उन्हें कहा गया था कि विधानसभा क्षेत्र, तहसील, मंडल से लेकर गांव-गांव तक जो छोटे-छोटे इंफ्लुएंसर हैं उन्हें भाजपा की विचारधारा से जोड़ा जाए, जिससे पार्टी की गतिविधियां निचले स्तर तक पहुंच सकें। इसके अतिरिक्त पार्टी के आइटी विभाग का अपना अलग नेटवर्क है।



गौरतलब है कि प्रदेश की सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस निरंतर प्रयास कर रही है। संगठन सृजन अभियान के साथ ही जन-जन तक पहुंच बढ़ाने के लिए कांग्रेस नए-नए प्रयोग कर रही है। इसमें तकनीक के बदलते दौर की दृष्टि से सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की रणनीति है। इसके लिए बड़ा प्रयास यह कि पार्टी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसरों का सहयोग लेने जा रही है। इनकी संख्या हजारों में होगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं के जन्मदिवस, पुण्यतिथि, बड़े आयोजन, चुनाव, पार्टी की रीति नीति, त्वरित मुद्दों पर लिखेंगे। पार्टी ने ऐसे लोगों को खोजने के लिए कई महीने तक उनके सोशल मीडिया पोस्ट देखे। इसमें सामने आया कि उनकी पोस्ट पर बड़ी संख्या में लोगों की प्रतिक्रियाएं आती हैं।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इंफ्लूएंसर्स विशेष दिवस, कार्यक्रम, नीतियों और उपलब्धियां पर कांग्रेस के लिए पोस्ट लिखेंगे। प्रदेश के हर जिले के लिए पांच से 10 इंफ्लूएंसरों की टीम रहेगी। शुरुआत में लगभग 250 को चिह्नित भी कर लिया गया है। यह ऐसे लोग हैं जिनके सोशल मीडिया में बड़ी संख्या में फालोअर्स हैं। लेखन अच्छा है, कांग्रेस विचारधारा की ओर झुकाव है। ये इंफ्लूएंसर अपने वाल, हैंडल आदि पर लिखेंगे।

#### ग्राम पंचायत स्तर तक सोशल मीडिया का नेटवर्क तैयार

जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए पार्टी ग्राम पंचायत स्तर तक सोशल मीडिया का नेटवर्क तैयार कर रही है। 25 सदस्यों वाली पंचायत समितियां में एक व्यक्ति सोशल मीडिया के लिए भी काम करेगा। उसके पास बूथ स्तर तक सभी मतदाताओं का डाटा रहेगा। इसी तरह से शहरी क्षेत्रों में मोहल्ला स्तर तक भी सोशल मीडिया का प्रभारी बनाया जाएगा। समसामयिक विषयों और राजनीति की समझ भी अच्छी है। यह भी पता चला कि उनका झुकाव कांग्रेस की तरफ है, ऐसा नहीं है तो भी भाजपा विरोधी हैं। इसके बाद पार्टी ने इन लोगों से संपर्क किया और तैयार किया। हर जिले के लिए पांच से 10 इंफ्लूएंसरों की टीम रहेगी। विधानसभा चुनाव के पहले तक इनकी संख्या बढ़ाने का भी लगातार प्रयास किया जाएगा। प्रदेश संगठन इनके सतत संपर्क में रहेगा। कोशिश की जाएगी की सभी अलग-अलग विषयों पर अपनी बात पोस्ट करें। कांग्रेस में पहली बार इस तरह का प्रयोग हो रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागलवाड़ी में प्रबुद्धजनों से किया आत्मीय संवाद

# ग्रामीण प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए दी जाएगी हर संभव मदद : मुख्यमंत्री

#### मुख्यमंत्री ने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों से सुने अनुभव

भोपाल ■ निसं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नागलवाड़ी में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट के अवसर पर बड़वानी जिले के प्रबुद्धजनों से भेंट की। उन्होंने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है।



बड़वानी जिले के ग्राम भागसुर की सीमा नरगावे ड्रोन दीदी ने निमाड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने जैविक खेती और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लिया। अब वह अन्य महिलाओं को जैविक खेती करना सिखा रही है। ड्रोन दीदी सीमा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर उसकी आय में वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही उसे एक नई पहचान भी मिली है। सीमा ने बताया कि वह गांव में ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव करती है जिससे घंटों का काम अब मिनिटों में होने लगा है और उसे नियमित रूप से आय भी प्राप्त हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करते हुए हॉकी की नेशनल खिलाड़ी सुश्री स्नेहा मोहनिया ने बताया कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर 2 गोल्ड मेडल और 1 सिल्वर मेडल मिल चुका है। स्नेहा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बड़वानी में एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एयर राइफल शूटिंग की नेशनल खिलाड़ी जुलवानिया निवासी सुश्री वैष्णवी महुले से भी चर्चा की। उन्होंने सुश्री वैष्णवी को राज्य स्तर की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जुलवानिया में शूटिंग क्लब प्रशिक्षण केंद्र संचालन कर रहे प्रशिक्षक श्री नीरज को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि बालिकाओं की ट्रेनिंग के सराहनीय कार्य के लिए देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बड़वानी जिले के ग्राम घटवा निवासी उन्नत कृषक श्री महेश पाटीदार ने अपने उत्पाद 'गुड़ की चाय' के बारे में बताया। श्री पाटीदार ने बताया कि उन्होंने पी.एम.एफ.एम.ई. योजना में 28 लाख रुपए का ऋण लिया था। इसमें उन्हें 10 लाख रुपए का अनुदान भी मिला है। वर्तमान में श्री पाटीदार 'गुड़ की चाय' के 500 क्विंटल के पैकेट प्रतिवर्ष बेच रहे हैं। भविष्य में एक हजार क्विंटल प्रतिवर्ष 'गुड़ की चाय' के पैकेट बेचने का उनका लक्ष्य है। श्री पाटीदार ने बताया कि उनकी गुड़ की चाय के पैकेट विक्रय के लिए अमेजॉन एवं अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

बड़वानी जिले के ही श्री अमोल महाजन ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव को केला उत्पादन के अपने व्यवसाय के बारे में बताते हुए कहा कि वह पहले अमेरिका में जॉब करते थे, बाद में जॉब छोड़कर अपने देश में ही केला उत्पादन का स्टार्ट-अप शुरू किया।

# प्रदेश में होली के बाद बड़े प्रशासनिक बदलाव की तैयारी

### बदले जाएंगे भोपाल समेत कई जिलों के कलेक्टर

भोपाल ■ निसं

प्रदेश में एसआईआर की कवायद पूरी होने के बाद अब जनगणना शुरू होनी है। इसको देखते प्रदेश सरकार जिलों में नए सिरे से अधिकारियों की तैनाती करना चाह रही है। कुछ जिलों में कलेक्टरों का कार्यकाल दो साल से अधिक हो चुका है। साथ ही कुछ जगह अधिकारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर हटाने की चर्चा है। इससे पहले एसआईआर और विधानसभा सत्र के चलते अधिकारियों के तबादला को लेकर सरकार निर्णय नहीं ले रही थी, लेकिन अब सरकार इसे प्राथमिकता देते हुए जल्द ही जारी कर सकती है। चर्चा है कि इस माह के दूसरे सप्ताह में सरकार तबादला सूची जारी कर सकती है।

चर्चाओं के अनुसार, भोपाल, ग्वालियर, धार और शहडोल समेत कई जिलों के कलेक्टर इस फेरबदल की जद में हो सकते हैं। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी और भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सेक्रेटरी रैंक में आ गए हैं, उनको मंत्रालय में पदस्थ किया जा सकता है। वहीं, 2011 बैच की आईएएस और ग्वालियर कलेक्टर रूचिका चौहान अगले साल सेक्रेटरी रैंक में आ जाएंगी। इसके अलावा कई कलेक्टर अपने कार्यकाल का दो साल पूरा कर चुके हैं। साथ ही कुछ को उनके परफार्मेंस के आधार पर दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है।



#### ये कलेक्टर हो सकते हैं इधर से उधर

जानकारी के अनुसार धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, शहडोल कलेक्टर केदार सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना, शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र चौधरी, रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल सिंह और नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को इधर से उधर किया जा सकता है। वहीं, मोहन सरकार लंबे समय से जमे अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायतों के सत्यापन के बाद अधिकारियों को हटा कर उनकी जगह युवा और नए अधिकारियों को जिलों की कमान सौंप सकती है।

### पति द्वारा चरित्र संदेह को लेकर होते थे विवाद

# तीन बच्चों की मॉ ने दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

भोपाल ■ निसं

शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाली तीन बच्चो की मॉ ने डुप्लेक्स की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिजनों ने उसका शव देखने के बाद पुलिस को खबर दी। शुरुआती जॉच में विवाहिता के पति ने पुलिस को बताया कि घटना से पहले रविवार देर रात उसका पत्नी से मामूली विवाद हुआ था। इसके कुछ देर बाद पत्नी ने मोबाइल चलाने के लिए मांगा। लेकिन उसने उसे मोबाइल नहीं दिया और सोने चला गया। सोमवार सुबह उसे पड़ोसियों से उसकी पत्नी का शव खून से लथ-पथ हालत में पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

थाना पुलिस के अनुसार ग्रीन सिटी कॉलोनी में रहने वाली 33 वर्षीय सोनम प्रजापति पति जितेंद्र प्रजापति देव घरेलू महिला थी। उसका पति कारपेंट्री का काम करता हैं। उसका परिवार मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला है, और बीते करीब 10 साल से भोपाल में रह रहा था। दंपत्ति के 14 साल की बेटी सहित दो बेटे है। बताया जा रहा है की उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच आये दिन विवाद होते रहते थे। करीब एक महीने पहले पति ने पत्नी के मोबाइल फोन को तोड़ दिया था। वअ पत्नी के फोन पर किसी से भी बात करने पर एतराज करता था। रविवार रात को उनके बीच मोबाइल की बात को लेकर ही एक बार फिर विवाद हो गया था। झगड़े के कुछ समय बाद पत्नी ने दोबारा पति से उसका मोबाइल फोन मांगा तब पति ने अपना मोबाइल फोन देने से मना कर दिया। इसके बाद पति सोने चला गया। इस बीच उसकी पत्नि सोनम रात को किस समय घर से निकली और छत से नीचे छलांग लगा दी, इसकी जानकारी उसे नहीं है। अगली सुबह किसी ने पत्नी के शव को देखा और उसे खबर दी। सूत्रो के अनुसार पुलिस घटना को लेकर खुदकुशी सहित हत्या के एंगल पर भी जॉच कर रही है। हालांकि शुरुआती बातचीत में महिला के बच्चों ने पिता पर किसी तरह की प्रताड़ना के आरोप नहीं लगाए हैं। उन्होंने भी बताया कि मां लोगों से फोन पर बात करती थीं, इसी के चलते मां और पिता में विवाद होते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जहां महिला का शव मिला है, वह पथरीला इलाका है। पत्थरों पर खून के निशान मिले हैं।

### राज्यपाल पटेल ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रंगों के पावन पर्व होली की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द्र, भाईचारे और सामाजिक समरसता का त्यौहार है। यह उत्सव, हमारे जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। रंगों का त्यौहार होली प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति लेकर आए। सभी के जीवन में आनंद और उल्लास का संचार करें। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि होली प्रेम और आत्मीयता से रिश्तों को सुदृढ़ करने का अवसर भी है।

# होली पर रहेगी आकस्मिक चिकित्सा और 108 एंबुलेंस की व्यवस्था

भोपाल ■ निसं

होली और रंग पंचमी के अवसर पर चिकित्सालयों में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीएमएचओ कार्यालय भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। होलिका दहन, जुलूस एवं चल समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए आकस्मिक चिकित्सा के साथ 108 एंबुलेंस वाहनों को भी निर्धारित पॉइंट्स पर उपलब्ध रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने होली के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से बचने के लिए सलाह जारी की है। जिसमें केमिकल फ्री रंगों के उपयोग, अल्कोहल एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने, रंगों में भीगने से पहले शरीर पर तेल या मॉश्चराइजर के उपयोग, पूरी बांह के कपड़े पहनने और चिकित्सकीय आपात स्थिति में तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए कहा गया है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि केमिकल वाले रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट और माइका जैसे केमिकल्स का भी इस्तेमाल होता है। केमिकल वाले रंगों से त्वचा के साथ साथ आंखों को भी बहुत नुकसान हो सकता है। इन रंगों के आंखों में जाने पर जलन या आंखें लाल हो सकती हैं। अस्पतालों को आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए हैं। होली खेलने के दौरान या बाद में त्वचा में जलन, आंखों में धुंधलापन या खुजली हो अथवा सांस लेने में दिक्कत होने पर डॉक्टर से सलाह ली जाए।

### अब जनभागीदारी मॉडल से होगा शहरों का विकास

# आधी राशि राज्य सरकार वहन करेगी, आधी स्थानीय नागरिकों के सहयोग से जुटाई जाएगी

भोपाल ■ निसं

प्रदेश में अब शहरों के मोहल्लों और कॉलोनियों की सड़कों तथा नालियों का निर्माण जनसहभागिता मॉडल पर किया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत ऐसे कार्यों में आधी राशि राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि स्थानीय नागरिकों के सहयोग से जुटाई जाएगी। यह राशि एकत्र करने की जिम्मेदारी संबंधित नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद की होगी। इसके अलावा भूखंडों पर हरियाली ज्यादा होने पर सरकार भवन या भूखंड मालिक को अतिरिक्त निर्माण के लिए ग्रीन एफएआर मंजूरी भी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से राय लेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष और महापौर से पूछा जाएगा कि वे किस प्रकार की प्लानिंग जनभागीदारी से करना चाहते हैं।



गौरतलब है कि प्रदेश में शहरीकरण तेजी से हो रहा है। बड़े शहरों के आसपास नई-नई कालोनियां बन रही हैं। इनमें अधोसंरचना विकास से जुड़े कामों को लेकर आमतौर पर शिकायतें आती हैं। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि सभी काम एक साथ करवाए जा सकें, इसलिए जन सहयोग से काम कराए जाएंगे। इसके लिए जनभागीदारी का नया माडल लागू किया जाएगा। इसमें निकायों को विशेष फंड दिया जाएगा, जो पांच करोड़ रुपये तक हो सकता है। स्थानीय लोगों को कितनी राशि लगानी होगी, इसका निर्धारण जन प्रतिनिधियों और मैदानी अधिकारियों से परामर्श के बाद किया जाएगा। योजना का प्रारूप तैयार कर कैबिनेट के सामने रखा जाएगा और स्वीकृति मिलने पर लागू कर दिया जाएगा।

**...ताकि रहवासियों को सुविधाएं मिलेः** दरअसल, इस माडल को प्रभावी तरीके से लागू करने के पीछे उद्देश्य यही है कि रहवासियों को सुविधाएं मिल जाएं और निकायों पर अधिक वित्तीय बोझ भी न आए क्योंकि निकायों की आर्थिक स्थिति खराब है। कई निकायों के लिए वेतन-भत्ते बांटना ही मुश्किल हो रहा है। ये अधोसंरचना विकास के काम के लिए पूरी तरह सरकार पर निर्भर हो गए हैं, जबकि इन्हें टैक्स लगाकर वसूलने के अधिकार दिए गए हैं पर स्थिति ठीक नहीं है। एकीकृत टाउनशिप पालिसी के कारण स्थितियों में सुधार होगा।

#### अभी क्षेत्र के हिसाब से राशि लेने का प्रविधान

प्रदेश में मुख्यमंत्री जनभागीदारी योजना में अभी क्षेत्र के हिसाब से राशि लेने का प्रविधान है। गरीब बस्ती में 25 प्रतिशत और संपन्न व अपर मिडिल क्लास वाले क्षेत्रों में 50 प्रतिशत राशि ली जाती है। इस प्रविधान को नए सिरे से तय किया जाएगा। जनभागीदारी केवल राशि नहीं बल्कि सामग्री के रूप में भी हो सकती है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि वर्ष 2003-04 के 36 करोड़ रुपये लगाकर 150 किमी लंबाई की कांक्रीट की सड़कें बनाई गई थीं। जनभागीदारी के रूप में सीमेंट ली गई थी। अब यह तय किया जा रहा है कि जो नगर निगम, नगर पालिका या नगर परिषद जनभागीदारी से कोई भी काम करेगी, उसे विशेष फंड दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इस योजना में पचास प्रतिशत राशि की व्यवस्था निकायों को करनी होगी। यह किस रूप में होगी, इसका निर्धारण विधायक, महापौर, नगर पालिका व परिषद अध्यक्ष से चर्चा के बाद किया जाएगा।

# महापौर व निगम अध्यक्ष ने होली पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

### सदस्यों व पार्षदगण ने भी दी बधाई एवं शुभकामनाएं

भोपाल ■ निसं

महापौर श्रीमती मालती राय व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी तथा नेता प्रतिपक्ष श्रीमती शबिस्ता आसिफ ज़की, महापौर परिषद के सदस्यों व पार्षदगण ने शहर के नागरिकों को होली पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी, रविन्द्र यती, मनोज राठौर, जगदीश यादव, आर.के.सिंह बघेल, आनंद अग्रवाल श्रीमती सुषमा बावीसा, जीतेन्द्र शुक्ला, अशोक वाणी, श्रीमती छाया ठाकुर एवं पार्षदगण लक्ष्मण राजपूत, श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी, श्रीमती करिश्मा विकास मीना, अशोक मारन, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती प्रिंयका अनिल मिश्रा, श्रीमती रेहाना सुल्तान, श्रीमती नाहिद सादबिन खालिद, श्रीमती सरोज हरिओम आसेरी, श्रीमती अनीता मेवालाल कनर्जी, देवेन्द्र भार्गव, श्रीमती शीबा मसूद अली, शैलेष साहू, मोहम्मद सरवर, श्रीमती शीतल रवि वर्मा, राजू कुशवाह, वसीम उददीन, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती विनीता विकास सोनी, समर हुजूर, श्रीमती लईका रफीक कुरैशी, श्रीमती राजमनी उईके, श्रीमती वीनू मोनू सक्सेना, देवांशु कंसाना, प्रवीण सक्सेना, श्रीमती बृजुला सचान, श्रीमती आरती राजू अनेजा, श्रीमती रूमा वीरेन्द्र राजपूत आदि सम्मिलित है।

## अनमोल वचन

जो अप्राप्त वस्तु के लिए चिंता नहीं करता और प्राप्त वस्तु के लिए सम रहता है, वह संतुष्ट कहा जा सकता है।
**महोपनिषद**

जल से शरीर शुद्ध होता है, मन से सत्य शुद्ध होता है, विद्या और तप से भूतात्मा तथा ज्ञान से बुद्धि शुद्ध होती है।
**मनुस्मृति**

## सम्पादकीय

# शेयर बाजार में 30 सेकंड में 7.80 लाख करोड़ डूबे

भारतीय शेयर बाजार में इजराइल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद, जिस तरह से सारी दुनिया में अफ़रा-तफरी का माहौल बना है, इसका सबसे ज्यादा असर शेयर बाजारों पर पड़ा है। इसमें भी सबसे ज्यादा असर भारतीय शेयर बाजार में हुआ है। बाजार खुलते ही 30 सेकंड के अंदर निवेशकों के लगभग 7.80 लाख करोड रुपए एक ही झटके में डूब गए। उसके बाद घरेलू संस्थागत निवेश को ने 2292.8 करोड़ रुपए की खरीददारी कर बाजार को गिरने से रोका। सोमवार को बाजार खुलते ही शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली देखने को मिली। 7536.4 करोड़ के शेयर विदेशी निवेशकों के बेचते ही भारतीय बाजार में कोहराम मच गया। शेयर बाजार की अस्थिरता से इंडेक्स 15 फ़ीसदी उछलकर 15.78 पर पहुंच गया। उसके बाद निवेशकों ने डूबने से बचने के लिए भारी बिकवाली शुरू कर दी। शेयर बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि की आशंका को देखते हुए सभी सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। देखते ही देखते निफ़्टी 350 अंकों से ज्यादा का गोता लगाने के बाद देसी संस्थागत निवेशकों के कारण निवेशको की ऑक्सीजन लेने की स्थिति बनी। शेयर बाजार में शाम को कारोबार बंद होने के समय निफ़्टी 313 अंकों की गिरावट के साथ 24865 तथा मुंबई स्टॉक एक्सचेंज 1043 अंकों की गिरावट के साथ 80238 पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार में गिरावट के लिए मुख्य रूप से इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जो हमला किया गया था, उस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु हो जाने के बाद दुनिया के कई देशों में हालात बिगड़ गए। ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप पश्चिम एशिया के उन देशों पर हमला किया, जहां पर अमेरिकी सैन्य अड्डे थे। ईरान के हमले से अमेरिकी सैन्य अड्डों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह माना जाता था, अमेरिका के यह सबसे सुरक्षित सैन्य क्षेत्र हैं। ईरान के हमले से तेल उत्पादक देशों में बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी मच गई है। कच्चे तेल के दाम में लगभग सात फ़ीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली। कच्चे तेल का भाव बढ़कर 82.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ईरान ने होमुर्ज से समुद्री आवाजाही को बंद कर दिया। कच्चे तेल के एक जहाज ने जबरदस्ती निकालने की कोशिश की। उस पर मिसाइल से हमला कर उसे जला दिया गया। जिसके कारण तेल की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई है। सोमवार को दुनिया भर के सभी बाजारों में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में भारी इजाफा देखने को मिला है। दुनिया भर के सभी शेयर बाजारों में हड़कंप की स्थिति बनी। भारतीय रुपया भी डॉलर के मुकाबले तेजी के साथ गिरा। डॉलर इंडेक्स इस समय 97.9 पर है। इस गिरावट को रोकने के लिए रिजर्व बैंक कोई हस्तक्षेप कर सकता है। इसका इंतजार आयातक कर रहे हैं। युद्ध को लेकर तीसरे दिन जिस तरह से ईरान ने ताबड़-तोड़ हमले किये है, उससे यूरोप के देशों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिल रही है। इस युद्ध में तीसरे दिन ही अमेरिका और इजरायल को भी तगड़ा झटका लगा है। उन्हें इतने कड़े प्रतिरोध की आशा ईरान से नहीं थी। भारत की आर्थिक स्थिति पर इस युद्ध का सबसे गंभीर असर पड़ने जा रहा है। भारत 90 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस आयात करता है। जिस तरह से इनकी सप्लाई बाधित हुई है, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस के दामों में तेजी आना शुरू हुई है। उसका बहुत बड़ा असर भारत की महंगाई, बेरोजगारी तथा अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। इस युद्ध में भारत की भूमिका एक तरह से मूक दर्शक की तरह है। भारत के प्रधानमंत्री युद्ध शुरू होने के 1 दिन पहले इजरायल की यात्रा पर थे। इजराइल से भारत आने के साथ ही ईरान पर हमला शुरू हो गया था। भारत युद्ध में कोई भाग नहीं ले रहा है, इसके बाद भी भारत निष्पक्ष भूमिका में नहीं रह गया है। भविष्य में भारत को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। अमेरिका रोजाना भारत को आंखें दिखा रहा है। वर्तमान में रूस और ईरान से भी भारत की दूरियाँ बढ़ गई हैं। आगे चलकर भारत को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। शेयर बाजार की गिरावट यदि एक हफ्ते भी बनी रही तो भारतीय शेयर बाजार का भगवान ही मालिक होगा, ऐसा अर्थ विशेषज्ञ कहने लगे हैं। भारतीय अर्थ-व्यवस्था 1990 की स्थिति में पहुंचने के आसार बन गये हैं।

## चिंतन-मनन

### न देने वाला मन

एक भिखारी सुबह-सुबह भीख मांगने निकला। चलते समय उसने अपनी झोली में जौ के मुट्ठी भर दाने डाल लिए। टोटके या अंधविश्वास के कारण भिक्षाटन के लिए निकलते समय भिखारी अपनी झोली खाली नहीं रखते। थैली देख कर दूसरों को लगता है कि इसे पहले से किसी ने दे रखा है। पूर्णिमा का दिन था, भिखारी सोच रहा था कि आज ईश्वर की कृपा होगी तो मेरी यह झोली शाम से पहले ही भर जाएगी। अचानक सामने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा, राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से सारे दरिद्र दूर हो जाएंगे, जीवन संवर जाएगा। जैसे-जैसे राजा की सवारी निकट आती गई, भिखारी की कल्पना और उत्तेजना भी बढ़ती गई। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ रुकवाया, उतर कर उसके निकट पहुंचे। भिखारी की तो मानो सांसें ही रुकने लगीं। लेकिन राजा ने उसे कुछ देने के बदले उलटे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी और भीख की याचना करने लगे। भिखारी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। अभी वह सोच ही रहा था कि राजा ने पुनर् याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला, मगर हमेशा दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो रहा था। जैसे-तैसे कर उसने दो दाने जौ के निकाले और उन्हें राजा की चादर पर डाल दिया। उस दिन भिखारी को रोज से अधिक भीख मिली, मगर वे दो दाने देने का मलाल उसे सारे दिन रहा। शाम को जब उसने झोली पलटी तो उसके आश्चर्य की सीमा न रही। जो जौ वह ले गया था, उसके दो दाने सोने के हो गए थे। उसे समझ में आया कि यह दान की ही महिमा के कारण हुआ है। वह पछताया कि काश! उस समय राजा को और अधिक जौ दी होती, लेकिन नहीं दे सका, क्योंकि देने की आदत जो नहीं थी।

# भारत-ईयू समझौता: वस्त्र उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक व्यापारिक उपलब्धि



गिरिराज सिंह

*भारत और यूरोपीय संघ मिलकर दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जब इन दोनों बड़े आर्थिक भागीदारों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, तो यह केवल एक और व्यापार समझौता नहीं रहा, बल्कि अपने आकार और रणनीतिक महत्व के कारण यह एक बेहद बड़ा और ऐतिहासिक समझौता बन गया।*

भारत ने वैश्विक मंच पर ऐसा कदम रखा है, जिसे दुनिया अनदेखा नहीं कर सकी। 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) औपचारिक रूप से पूरा हुआ। यह एक ऐतिहासिक पल था, जिस पर दशकों से काम हो रहा था। यह समझौता दूरदृष्टि, दृढ़ संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत आर्थिक नेतृत्व का परिणाम है।

भारत और यूरोपीय संघ मिलकर दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जब इन दोनों बड़े आर्थिक भागीदारों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, तो यह केवल एक और व्यापार समझौता नहीं रहा, बल्कि अपने आकार और रणनीतिक महत्व के कारण यह एक बेहद बड़ा और ऐतिहासिक समझौता बन गया।

भारत-ईयू एफटीए तक की यह यात्रा शासन के तरीके में साफ अंतर दिखाती है। वर्ष 2014 से पहले भारत को केवल 19 देशों में व्यापार की पहुंच थी, जबकि आज यह संख्या 56 देशों तक पहुंच गई है। केवल भारत-ईयू एफटीए से ही 27 बड़े और महत्वपूर्ण बाजारों तक पहुंच खुली है। यह स्पष्ट, परिणाम आधारित और मजबूत शासन का प्रतीक है।

आज वैश्विक वस्त्र और परिधान बाजार का आकार 1.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। यह दुनिया भर में बढ़ती मांग और तेज़ बदलाव को दिखाता है। दुनिया का कुल आयात वर्ष 2001 में 366.8 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2024 में लगभग 800 अरब डॉलर हो गया है। इससे साफ है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

इसी वैश्विक माहौल में भारत ने भी अपनी स्थिति लगातार मज़बूत की है। भारत का कुल टेक्सटाइल निर्यात लगभग 10 अरब डॉलर से बढ़कर करीब 40 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी काफ़ी मजबूत हुई है।

देश के भीतर भी टेक्सटाइल क्षेत्र में तेज़ बढ़त देखी जा रही है। भारत का घरेलू टेक्सटाइल बाजार 138 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में लगभग 190 अरब डॉलर हो गया है। इसका मुख्य कारण उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और लोगों की बढ़ती खरीद क्षमता है। यह वृद्धि कई नीतिगत सुधारों और सरकारी पहलों से संभव हुई है, जिनसे उत्पादन व्यवस्था को आधुनिक बनाया गया, सप्लाई और वैल्यू चेन को मज़बूत किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ी।

इसी पृष्ठभूमि में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते का महत्व बहुत ऐतिहासिक बन जाता है। यह समझौता यूरोपीय यूनियन के पूरे बाजार तक भारत की पहुंच खोलता है, जहां लगभग 2 अरब उपभोक्ता हैं और कुल बाजार का आकार करीब 24 ट्रिलियन डॉलर है।

इस समझौते के तहत मूल्य के हिसाब से भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को विशेष (प्राथमिक) व्यापार सुविधा मिलेगी। साथ ही लगभग 33 अरब डॉलर के सामान पर लगने वाले 10 से 12 प्रतिशत तक के शुल्क (टैरिफ) खत्म हो जाएंगे। इससे दुनिया के सबसे प्रीमियम बाजारों में भारत के उत्पाद और अधिक सस्ते व प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

पिछले दो वर्षों में हमने जीडीपी, मांग के रुझान, जनसंख्या और प्रति व्यक्ति आय जैसे आँकड़ों के आधार पर एक नई बाजार विविधीकरण (मार्केट डाइवर्सिफिकेशन) रणनीति तैयार की और उसे आगे बढ़ाया।

अब इस रणनीति के साफ़ नतीजे दिखने लगे हैं। वर्ष 2025 में, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत के टेक्सटाइल निर्यात ने 100 से अधिक देशों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। इससे दुनिया में भारत की मौजूदगी और मजबूत हुई है।

इस लक्षित रणनीति के तहत निर्यात में तेज़ बढ़ोतरी हुई है। अर्जेंटीना में 77 प्रतिशत, पराग्वे में 45 प्रतिशत और इजिप्ट में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ों के कारण हुई है। इसके पीछे पिछले दस वर्षों में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का लगातार विस्तार रहा है।

बीते दस सालों में भारत के उत्पादन तंत्र में 2 करोड़ से अधिक सिलाई मशीनें जोड़ी गई हैं। इससे उत्पादन बढ़ा है, काम की उत्पादकता बेहतर हुई है और रोज़गार के नए अवसर बने हैं। इस विस्तार को मजबूत नीतिगत समर्थन भी मिल रहा है। केंद्रीय बजट 2026-27 में टेक्सटाइल क्षेत्र को भारत की विकास रणनीति के केंद्र में रखा गया है। इसके तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क, एकीकृत वैल्यू चेन, टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी पहल और 'समर्थ 2.0' के तहत कौशल विकास पर ज़ोर दिया गया है।


इसके साथ ही, प्रमुख टेक्सटाइल क्लस्टरों में टेक्सटाइल निर्यात सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। ये केंद्र एक ही मंच पर निर्यातकों को बाजार से जुड़ी जानकारी, एफटीए से संबंधित मार्गदर्शन, नियमों में सहायता और शुरुआत से अंत तक पूरी सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के लक्ष्य के साथ, भारत की टेक्सटाइल रणनीति बड़े पैमाने, तेज़ रफ्तार और वैश्विक सोच को दिखाती है।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता इस गति को और मजबूत करता है। यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी है, जिसके तहत भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच कुल व्यापार और सहयोग को 2030 तक 179 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। आज भारत सिर्फ वैश्विक व्यापार का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे दिशा देने वाला देश बन रहा है।

**(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार उनके निजी हैं।)**

# अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से पश्चिम एशिया में भूचाल



कांतिलाल मांडोत

*इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि यह कार्रवाई ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म करने और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए की गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी बयान जारी कर कहा कि हमले का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। ट्रम्प ने ईरानी सैनिकों से आत्मसमर्पण की अपील की और कहा कि बमबारी जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। इन बयानों ने हालात को और अधिक गंभीर बना दिया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे।*

पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया जब अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई। बताया गया कि अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर 24 घंटे के भीतर 1200 से अधिक बम गिराए। इन हमलों में खामेनेई के साथ उनके परिवार के कई सदस्य और शीर्ष सैन्य कमांडर भी मारे गए। यह घटनाक्रम न केवल ईरान बल्कि पूरे मध्य पूर्व के लिए निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। ईरान ने इसे सीधी जंग करार देते हुए खतरनाक बदले की चेतावनी दी है।

हमलों का केंद्र ईरान की राजधानी तेहरान समेत दस बड़े शहर रहे। ईरानी मीडिया के अनुसार अब तक दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हैं। एक स्कूल पर हमले में बड़ी संख्या में छात्राओं के मारे जाने की खबर ने दुनिया को झकझोर दिया। ईरान ने चालीस दिन के राजकीय शोक और सात दिन की सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। देशभर में शोक सभाएं और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि यह कार्रवाई ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म करने और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए की गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी बयान जारी कर कहा कि हमले का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। ट्रम्प ने ईरानी सैनिकों से आत्मसमर्पण की अपील की और कहा कि बमबारी जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। इन बयानों ने हालात को और अधिक गंभीर बना दिया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे। खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी में एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय हो गए। सऊदी अरब की राजधानी रियाद और कतर की राजधानी दोहा में भी सतर्कता बढ़ा दी गई। बहरीन कुवैत जॉर्डन और इराक में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले की खबरें आईं। ओमान तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ जिससे वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ गई। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस चार की घोषणा की और कहा कि यह बदले की शुरुआत है। संसद अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने इसे मुसलमानों के खिलाफ खुली जंग बताया। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि खामेनेई की हत्या का जवाब देना देश का अधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। इस बयान के बाद देश में राष्ट्रवादी भावना तेज हो गई है। अयातुल्ला अली खामेनेई का जीवन ईरान की आधुनिक राजनीति से गहराई से जुड़ा रहा। उनका जन्म उन्नीस अप्रैल उन्नीस सौ उनतालीस को मशहद में हुआ था। वे उन्नीस सौ इक्यासी में राष्ट्रपति बने और उन्नीस सौ नवासी में रूहोल्लाह खोमैनी के निधन के बाद देश के सर्वोच्च नेता नियुक्त हुए। पिछले सैंतीस वर्षों से वे ईरान की सत्ता के सबसे प्रभावशाली केंद्र रहे। समर्थक उन्हें इस्लामी व्यवस्था का रक्षक मानते थे जबकि आलोचक उन पर कठोर नीतियों का आरोप लगाते थे। इस युद्ध के पीछे कई गहरे कारण बताए जा रहे हैं। पहला मुद्दा ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अमेरिका और इजराइल को आशंका रही है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर सकता है जबकि ईरान का कहना है कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण ऊर्जा और शोध के लिए है। दूसरा मुद्दा बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम है जिसे ईरान अपनी सुरक्षा की रेड लाइन मानता है। तीसरा बड़ा कारण इजराइल और ईरान के बीच वैचारिक और रणनीतिक टकराव है। अमेरिका इजराइल का प्रमुख सहयोगी है जबकि ईरान खुले तौर पर इजराइल का विरोध करता रहा है। मध्य पूर्व में प्रभाव को लेकर भी प्रतिस्पर्धा रही है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान इराक सीरिया लेबनान और यमन में अपने समर्थक गुटों को सहायता देकर क्षेत्रीय संतुलन बिगाड़ता है। ईरान इसे अपने हितों की रक्षा बताता है। आर्थिक प्रतिबंधों ने भी तनाव को बढ़ाया है। अमेरिका द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों से ईरानी अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई और जवाब में ईरान ने कई बार परमाणु गतिविधियां तेज कीं। इस संघर्ष के अंतरराष्ट्रीय आयाम भी तेजी से उभर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की हत्या की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। जी सात देशों में भी आपात चर्चा की तैयारी है। संयुक्त राष्ट्र में आपात बैठक की संभावना जताई जा रही है। वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों में उछाल देखा गया और शेयर बाजारों में गिरावट आई।

इजराइल में नागरिक बंकरों में शरण लिए हुए हैं और लगातार सायरन बज रहे हैं। तेहरान में इंटरनेट ब्लैकआउट और विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। दोनों पक्षों ने हजारों ठिकानों को निशाना बनाने की चेतावनी दी है जिससे लंबी और व्यापक जंग की आशंका बढ़ गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टकराव नहीं रुका तो यह पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने से विश्व अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ सकता है। साथ ही क्षेत्रीय शक्तियों की सीधी भागीदारी से संघर्ष और जटिल हो सकता है। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने ईरान की राजनीति में नेतृत्व का प्रश्न भी खड़ा कर दिया है। नए सुप्रीम लीडर के चयन तक अस्थायी व्यवस्था लागू की जा सकती है। यह परिवर्तन ईरान की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति दोनों को प्रभावित करेगा।

फिलहाल दुनिया की निगाहें तेहरान व तेल अवीव पर टिकी हैं। क्या यह संघर्ष सीमित रहेगा या व्यापक युद्ध का रूप लेगा यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। इतना तय है कि इस घटनाक्रम ने पश्चिम एशिया के इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है

## कहीं चिता की राख तो कहीं फूलों से खेली जाती है होली!

*मनोज कुमार अग्रवाल*

*समूचे देश समेत विशेषकर उत्तर भारत में मनाया जाने वाला होली पर्व आस्था विश्वास ऋतु परिवर्तन और सामाजिक एकता का लोकपर्व है। होली के दिन समूचा समाज सवर्ण असवर्ण गरीब अमीर सबल निर्बल राजा प्रजा ऊंच नीच के दायरे से बाहर आकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर सामाजिक समरसता व सौहार्द का सूत्रपात करता है यह लोकपर्व इतना सजीव व सामाजिक वैज्ञानिक आधार से जुड़ा है कि इस की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती है। इस लोकपर्व के संबंध में प्रहलाद और होलिका की कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। पुराने समय में हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का परम भक्त था। ये बात हिरण्यकश्यपु को पसंद नहीं थी। इस वजह से वह प्रहलाद को मारना चाहता था। असुर राज हिरण्यकश्यपु ने बहुत कोशिश की, लेकिन प्रहलाद को मार नहीं सका। तब असुरराज की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका को आग में न जलना का वरदान मिला हुआ था, लेकिन भगवान विष्णु जी की कृपा से होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। तभी से सत्य और धर्म की जीत के रूप में होली दहन का पर्व मनाया जाता है। युगों पहले जिस तरह भक्त प्रहलाद के सकुशल बच जाने पर लोगोंसत ने रंग गुलाल लगा कर खुशी मनाई थी आज भी उसी तरह खुशी मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। होली के गीतों में वैसे भी गालियां पिरोई होती हैं. शब्दों का प्रयोग कुछ इस प्रकार किया गया होता है कि लोग उसे सुन कर मस्ती करते हैं और उन्हें भीतर तक गुदगुदी होती है. वाराणसी, मिथिलांचल, कुमाऊं, राजस्थान, हरियाणा में होली पर गाली की अनोखी परंरा है। होली एक ऐसा त्योहार है, जो रंगों की मस्ती के साथ-साथ गालियों और गुदगुदाते गीतों के लिए भी खूब जाना जाता है. इसीलिए इस त्योहार को सबसे अनूठा कहते हैं. साल भर लोगों को इसका इंतजार रहता है. लोग गालियों और गीतों के जरिए अपनी भड़ास निकालते हैं. जैसा प्रदेश, वैसे गीत और वैसी ही वहां की गालियां. बहुरंगी होली की ये छटा दुनिया भर में निराली है। काशी की परंपराएं इसलिए अनूठी हैं क्योंकि यहां होली पर गालियों का भी अपना एक अलग संस्कार देखने को मिलता है. दूसरे शहरों में गाली देने पर मार हो जाए, लेकिन यहां होली पर गालियां मनभावन लगती हैं। पंजाब में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा शुरू की गई यह होलीवीर रस से भरी होती है। इसमें निहंग सिख पारंपरिक पोशाक पहनकर तलवारबाजी और घुड़सवारी (गतका) का प्रदर्शन करते हैं। पश्चिमी बंगाल व ओडिशा में यहाँ होली को डोल जात्रा के रूप में मनाया जाता हैजिसमें राधा-कृष्ण की मूर्तियों को झूलों (डोल) पर रखकर जुलूस निकाला जाता है और रंगों से पूजा की जाती है। श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से करीब 50 किमी दूर बरसाना की होली बहुत खास होती है। बरसाना में कई दिनों तक लट्ठमार होली खेली जाती है। फाल्गुन पूर्णिमा से पहले ही लोग यहां होली खेलना शुरू कर देते हैं। पास के नंदगांव के पुरुष बरसाना आते हैं और बरसाना के पुरुष नंदगांव जाते हैं। इन गांवों की महिलाएं पुरुषों को लट्ठ मारती हैं और पुरुष ढाल से बचने की कोशिश करते हैं। ये होली देखने देश-विदेश से लाखों लोग यहां आते हैं। मान्यता है कि मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इसी वजह से इन जगहों पर होली की अच्छी खासी धूम होती है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण के भक्त बड़ी संख्या में होली खेलने पहुंचते हैं। यहां के मंदिरों में फूलों से होली खेली जाती है।बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली अवर्णनीय है। बरसाना के राधा रानी मंदिर में लड्डू मार होली खेली जाती हैजहाँ एक-दूसरे पर लड्डू फेंके जाते हैं और उन्हें प्रसाद के रूप में खाया जाता है। वाराणसी(काशी) के मणिकर्णिका घाट पर खेली जाने वाली होली विश्व प्रसिद्ध है। यहां शमशान की राख से होली खेली जाती है। मान्यता है कि शिव जी ने यहां अपने गणों के साथ चिता की राख से होली खेली थी। इसी मान्यता की वजह से आज भी शिव भक्त यहां मसाने की होली खेलते है।*

## खास बात

### रेवंत रेड्डी ज्यादा प्याज खा रहे हैं?

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी इन दिनों लग रहा है, ज्यादा ही प्याज खा रहे हैं। तीन राज्यों में कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं। रेवंत रेड्डी निष्ठा के मामले में सभी से आगे हैं। भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आए रेवंत रेडी इन दिनों अपने बयान के कारण चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बयान दिया है, गांधी परिवार ने देश के लिए बहुत बड़े त्याग किए हैं। जरूरत पड़ी तो वह 1000 करोड रुपए जुटा कर दे सकते हैं। अब इसे क्या कहा जाए। वह इज्जत दिखा रहे हैं या नीचा दिखा रहे हैं।

### हिमाचल भवन पर दिल्ली पुलिस का छापा

जो कभी नहीं हुआ था, वह अब हो रहा है। दिल्ली पुलिस ने हिमाचल भवन में छापा मारा। पुलिस की टीम रात 12 बजे वहां पहुंची। पुलिस किसे खोज रही थी, भगवान जाने। इस छापे के बाद विवाद बढ़ गया। दिल्ली पुलिस एक हिमाचली महिला के कमरे में घुस गई, वह अकेली थी। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस वहां शर्टलेस आंदोलन करने वालों को खोजने गई थी। वहां अकेली महिला के कमरे में घुस गई। उसने जो गत दिल्ली पुलिस की बनाई, उसके बाद दिल्ली पुलिस को मैदान छोड़कर भागना पड़ा।

### मणि शंकर अय्यर सठिया गए हैं?

कहते हैं जैसे-जैसे आदमी बूढ़ा होता है।वह सठियाने लगता है। कुछ इसी तरह की स्थिति अब मणि शंकर अय्यर की दिखने लगी है। अय्यर, कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं। राहुल गांधी के राज में उन्हें वह सब नहीं मिला, जो सोनिया के राज में मिला था। वह सोनिया को ठीक कांग्रेस और राहुल गांधी को गलत बताते हैं। केरल में अब वह अपनी डफली और अपना राग बजाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें लगता है सोनिया गांधी बुला लें। बुढ़ापे में वह अपनी डफली और अपना राग बज रहे हैं। इस आवाज को कोई सुनेगा या नहीं यह सुनना और समझना मुश्किल है।

### किताब के लिए मुख्यमंत्री की तारीफ?

कांग्रेस के बुजुर्ग मणि शंकर अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की तारीफ की। उन्होंने कहा 10 साल के कार्यकाल में उन्होंने बहुत काम किया है। तीसरी बार भी उन्हें सत्ता में आना चाहिए। कांग्रेस केरल में इस बार सरकार बनाने में जुटी हुई है। अय्यर कांग्रेस के नेता होते हुए भी कांग्रेस की गाड़ी को पंचर करना चाहते हैं। इसके पीछे उनकी एक मजबूरी है। दक्षिण के दो राज्यों पर लिखी गई किताब का वह प्रचार प्रसार कर रहे हैं।उसके कारण जानबूझकर इस तरह के बयान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री से अपनी दोस्ती मजबूत करने में लगे हुए हैं। ताकि बुढ़ापे में किताब का कारोबार अच्छी तरह से हो जाए।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, 15, भौमवार, मघा नक्षत्रे, शुभ योगे, वव करणे, सिंह की चंद्रमा, पूर्णिमा, खंडग्रास चंद्रग्रहण मूल समाप्त प्रात: 66/53 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रिंसपल, उद्योग स्थापित करने वाला, राजनेता, राजकर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी, वक्ता होगा।

**मेष राशि**- विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के मामले में हानि तथा चिन्ता होगी।

**वृष राशि**- विवादग्रस्त होने से बचें, क्लेश होगा, हानि होने की संभावना ध्यान दें।

**मिथुन राशि**- व्यग्रता असमंजस में रखे, विषय व्यवस्था से बचने की चेष्ठा अवश्य करेंगे।

**कर्क राशि**- स्त्री भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा सुख-समृद्धि के साधन अवश्य बनेंगे।

**सिंह राशि**- समय और धन नष्ट न हो, क्लशे व अशांति, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।

**कन्या राशि**- नवीन योजना फलप्रद होगी, भावनायें संवेदनशील बनी रहेंगी ध्यान दें।

**तुला राशि**- धन के व्यर्थ व्यय से बचें, कार्य कुशलता से संतोष होगा, मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि**- भाग्य का सितारा साथ देगा, समय अनुकूल नहीं कार्य स्थिगित रखें।

**धनु राशि**- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी।

**मकर राशि**- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य कुशलता से संतोष होगा।


**कुंभ राशि**- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा भाग्य का सितारा प्रबल अवश्य होगा।

**मीन राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक होगा तथा कार्य कुशलता से संतोष बना रहेगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**3 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2026 वर्ष का 62 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 17.08 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 07.32 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 10.25 बजे को समाप्त।
**करण** बव 17.08 बजे तदनन्तर बालव 04.55 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 54'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872637
**जूलियन दिन** 2461102.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 13
**विशेष** होलिका दहन, चैतन्य महाप्रभु जयंती, लक्ष्मी जयंती।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.59 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.30 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.10 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.08 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.22 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.38 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.50 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.00 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.15 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.31 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 03.36 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.23 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन ने ईरान पर हमलों के लिए सैन्य अड्डों के इस्तेमाल से किया इनकार, संघर्ष की आशंका

**मैड्रिड।** अमेरिका-इजराइल के ईरान पर ताजा सैन्य हमलों के बीच स्पेन ने स्पष्ट कर दिया है कि उसके सैन्य अड्डों का उपयोग ईरान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए नहीं किया जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच स्पेन का यह रुख यूरोपीय देशों की उस चिंता को दर्शाता है, जिसमें व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका जताई जा रही है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने स्पेनिश चैनल टेलेसिंको से बातचीत में कहा कि देश की भूमि और सैन्य सुविधाएं केवल अमेरिका के साथ हुए समझौते और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप ही इस्तेमाल की जा सकती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद दक्षिणी स्पेन स्थित नौसेना स्टेशन रोटा और मोरोन एयर बेस से कम से कम 15 अमेरिकी विमान रवाना हो चुके हैं। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटराडार24' के आंकड़ों में इन विमानों की गतिविधि दर्ज की गई है। स्पेन ने पहले भी ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की निंदा की है और क्षेत्रीय तनाव कम करने की अपील की है। मैड्रिड का कहना है कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक समाधान का समर्थन करता है।

### कतर ने एलएनजी व अन्य उत्पादों का उत्पादन अस्थायी रूप से रोका

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने रास लफ़्फ़ान इंडस्ट्रियल सिटी और मेसाईद इंडस्ट्रियल सिटी स्थित अपने परिचालन संयंत्रों में लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और संबंधित उत्पादों का उत्पादन अस्थायी रूप से रोकने की घोषणा की है। यह फैसला सैन्य हमले के बाद एहतियातन उठाया गया है। गल्फ समाचार एजेंसी ने कतर सरकार के हवाले से बताया कि सोमवार को दो ईरानी ड्रोन ने ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। हालांकि हमले में किसी बड़े नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि ड्रोन ने मेसाईद पावर प्लांट में एक पानी की टंकी को निशाना बनाया, जबकि रास लफ़्फ़ान औद्योगिक शहर में कतर एनर्जी से संबंधित एक संयंत्र को भी लक्ष्य बनाया गया। फिलहाल, संबंधित एजेंसियां नुकसान का आकलन कर रही हैं। अधिकारियों ने नागरिकों और निवासियों से शांति बनाए रखने और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। साथ ही लोगों से अफवाहों से बचने और केवल आधिकारिक बयानों पर भरोसा करने का अनुरोध किया गया है। सरकार ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### अपने पहले राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति पेजेश्कियान बोले- 'प्रतिशोध हमारा अधिकार'

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीखी चेतावनी दी। उन्होंने इसे 'मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की घोषणा' बताया और कहा कि जिम्मेदार लोगों से बदला लेना ईरान का 'वैध कर्तव्य और अधिकार' है। राष्ट्र के नाम अपने पहले संदेश में पेजेश्कियान ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल दुश्मनों के ठिकानों पर 'शक्तिशाली हमले' जारी रखेंगे। उन्होंने खामेनेई को 'शहीद' घोषित करते हुए कहा कि देश उनके पदचिह्नों पर आगे बढ़ेगा। राष्ट्रपति ने यह भी पुष्टि की कि एक 'नई नेतृत्व परिषद' ने कामकाज संभाल लिया है, जो संक्रमण काल में शासन व्यवस्था की देखरेख करेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे मस्जिदों और सड़कों पर एकजुट होकर दुश्मनों की 'साजिशों' को नाकाम करें।

### फिनलैंडी राष्ट्रपति 4 से 7 मार्च तक भारत दौरे पर, रायसीना डायलॉग में होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब 4 से 7 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति स्टब इस दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 11वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यह उनकी भारत में राष्ट्रपति के रूप में पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति स्टब द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति स्टब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे।

#### पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी मध्य कमान का दावा

# ईरान में 1,000 से अधिक ठिकानों पर किए हमले

**वाशिंगटन/तेहरान ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि दो दिनों के भीतर ईरान में 1,000 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए हैं। इसी बीच इजरायल और लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह के बीच रॉकेट और ड्रोन से वार-पलटवार शुरू हो गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सेंटकॉम ने रविवार को कहा कि दो दिनों के सैन्य अभियान में ईरान के भीतर 1,000 से अधिक लक्ष्यों पर हमले किए गए। इन लक्ष्यों में जहाज़, पनडुब्बियां, मिसाइल साइट, कम्युनिकेशन लिंक और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर शामिल हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शनिवार से शुरू हुए संघर्ष के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हालात और बिगड़ गए। सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार हिज़्बुल्लाह ने खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए इज़राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली।

इसके जवाब में इज़राइल ने दक्षिणी बेरूत और लेबनान के अन्य इलाकों में हवाई हमले किए। इज़राइल डिफेंस फोर्सेज़ ने कहा कि उसने ईरान-समर्थित उग्रवादी समूह के सदस्यों को निशाना बनाया। दक्षिणी बेरूत में कम से कम आठ धमाकों की आवाज़ें सुनी गईं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग प्रभावित इलाकों से पलायन कर रहे हैं।

इजराइल ने देश के दक्षिण और पूर्व में लगभग 50 शहरों को खाली करने की अपील की है, जो पिछले संघर्षों के दौरान जारी निर्देशों की पुनरावृत्ति है।

इज़राइल ने रविवार को कहा कि उसने ईरान पर हमलों की एक और लहर शुरू की है, जबकि तेहरान ने इज़राइल और पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। हालांकि उन्होंने इन लक्ष्यों का विवरण नहीं दिया। लगातार बढ़ते हमलों और जवाबी हमलों के बीच पूरे पश्चिम ऐशिया में बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंका गहराती जा रही है।

### कुवैत में अमेरिका के कई युद्धक विमान ध्वस्त, पायलट सुरक्षित

**कुवैत सिटी।** कुवैत में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक हमले में एक के बाद एक कई अमेरिकी युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हालांकि, त्वरित राहत एवं बचाव अभियान चला कर चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, कुवैती रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि यह घटना सुबह के समय हुई। मंत्रालय के आधिकारिक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह कई अमेरिकी युद्धक विमान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गये। हालांकि सभी पायलट बच गए। हालांकि, उन्होंने दुर्घटना की सटीक जगह और इसमें शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। दुर्घटना के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि सभी पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और मेडिकल जांच व इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। कुवैती रक्षा मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि घटना से जुड़े हालात को लेकर अमेरिकी बलों के साथ सीधा समन्वय किया जा रहा है और संयुक्त तकनीकी प्रक्रियाएं लागू की जा रही हैं। प्रवक्ता ने पुष्टि की कि संबंधित अधिकारी दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी रखे हुए हैं और अपने आधिकारिक माध्यम से जानकारी लेने को कहा है। वहीं, ईरानी की सरकारी मीडिया ने टेलीग्राम पर कथित तौर पर उस अमेरिकी एफ-15 युद्धक विमानके पायलट की एक तस्वीर भी जारी की, जिसका प्लेन सोमवार सुबह कुवैत में गिरा दिया गया था। इसने ईरान के बड़े ड्रोन फ्लीट की तस्वीरों के साथ-साथ इलाके में अमेरिकी-इजराइली ठिकानों पर ईरानी हमलों की फोटोग्राफ को भी साझा किया। अमेरिका-इजराइल और ईरानी सरकार के बीच सोमवार को टकराव और बढ़ गया है। रात भर की शांति के बाद, ईरान ने इजराइल और दूसरे खाड़ी देशों पर नए मिसाइल और ड्रोन हमले किए। पश्चिम ऐशिया के तमाम मीडिया ने सऊदी अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी पर ड्रोन हमले की खबर दी है।यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी तेल आयात में से एक है, जो वैश्विक कच्चे तेल के लिए बहुत जरूरी है।

## बंगाल में सरकार बदलने पर सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों में मिलेगा डीए : अमित शाह

**कोलकाता ■ एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित परिवर्तन यात्रा की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सरकारी कर्मचारियों, युवाओं और नौकरी के अभ्यर्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर 45 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिया जाएगा और 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। उन्होंने इसे लंबे समय से लंबित वित्तीय न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के भगवतीपुर में आयोजित सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और सरकारी कर्मचारियों को उनका बकाया अधिकार दिलाना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य में सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू की जाएगी। भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण जिन युवाओं को नुकसान हुआ है, उन्हें पांच वर्ष की विशेष आयु छूट दी जाएगी ताकि वे फिर से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि राज्य में पारदर्शी और मेरिट आधारित भर्ती प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे नौकरी के अभ्यर्थियों का विश्वास बहाल हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी के कारण युवाओं को नुकसान उठाना पड़ा है और भाजपा सरकार बनने पर इस स्थिति को बदला जाएगा।

सरकारी कर्मचारियों के मुद्दे पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि 7वां वेतन आयोग लागू होने से कर्मचारियों को वित्तीय स्थिरता मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और महंगाई भत्ता सहित सभी बकाया लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे।

महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए 5700 करोड़ का विशेष प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं लागू की जाएंगी, जिनसे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

शिक्षक भर्ती से जुड़े विवाद का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि लगभग 26 हजार शिक्षकों से संबंधित मामले का पारदर्शी और विधिसम्मत समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान भी किया जाएगा ताकि योग्य उम्मीदवारों को न्याय मिल सके।

### ओमान के तट पर ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत



**दुबई/ओमान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ओमान के सुल्तान कबूस पोर्ट के उत्तर-पश्चिम स्थित एक तेल टैंकर को निशाना बनाया गया। सोमवार को ऑयल टैंकर पर रिमोट चालित नाव से किए गए हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई, जबकि चालक दल के अन्य सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना उस समय हुई जब टैंकर लगभग 59,463 मीट्रिक टन कार्गो लेकर समुद्र में आगे बढ़ रहा था। हमले के कारण जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। हादसे के बाद जहाज को गंभीर क्षति पहुंची।

## पेंटागन में अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का सख्त संदेश- 'हमने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन खत्म हम करेंगे'

**वॉशिंगटन ■ एजेंसी**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि 'हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में हम इसे खत्म कर रहे हैं।'

हेगसेथ ने पेंटागन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि पिछले 47 वर्षों से ईरानी शासन अमेरिका के खिलाफ 'एकतरफा और हिंसक युद्ध' छेड़े हुए है। उन्होंने बेरूत में कार बम धमाकों, अमेरिकी दूतावासों पर हमलों और इराक-अफगानिस्तान में सड़क किनारे बम हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अमेरिका निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ईरान मिसाइलों और ड्रोन के जरिए अपनी 'परमाणु ब्लैकमेल' रणनीति को आगे बढ़ा रहा था और परमाणु कार्यक्रम को



पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा था। हेगसेथ के मुताबिक, जून में हुए 12 दिन के इजराइल-ईरान युद्ध के बाद अमेरिका ने तेहरान को चेतावनी दी थी कि अगर उसने परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू किया तो 'कहीं ज्यादा गंभीर परिणाम' होंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत अमेरिकी रणनीति स्पष्ट है—ईरान की आक्रामक मिसाइल क्षमता, मिसाइल उत्पादन, नौसेना और सुरक्षा ढांचे को नष्ट करना। उनका दावा था कि हमले 'सर्जिकल, व्यापक और बिना माफी' के किए जा रहे हैं।

**'शासन परिवर्तन युद्ध नहीं'** - हेगसेथ ने कहा कि यह युद्ध शासन परिवर्तन के लिए नहीं है, लेकिन घटनाक्रम ने स्थिति बदल दी है। हालिया सैन्य अभियानों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व के कई सदस्य, जिनमें सुप्रीम लीडर अली खामेनेई भी शामिल बताए गए हैं, मारे गए हैं। उन्होंने ईरानी जनता से 'इस अवसर का लाभ उठाने' का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि 'अब आपका समय है।' हालांकि उन्होंने दोहराया कि अमेरिका का उद्देश्य सीधे तौर पर तेहरान की सरकार को हटाना नहीं है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लखपति बिटिया, होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का शुभारंभ और लाडली योजना के अंतर्गत 40,642 बालिका लाभार्थियों के खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण किए।



इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में दिल्ली की महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में वे प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल-प्रतियोगिताओं में वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। राजनीति, सामाजिक सेवा, प्रशासन और व्यापार जैसे सभी क्षेत्रों में आज महिलाएं नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में दीक्षांत समारोहों में डिग्री और पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की बढ़ती संख्या एक प्रेरणादायक तस्वीर प्रस्तुत करती है। हालांकि यह भी एक सच्चाई है कि महिलाओं को आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता, सामाजिक रूढ़िवादिता और स्वास्थ्य संबंधी उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य इन बाधाओं को दूर करके ही प्राप्त किया जा सकता है। एक महिला सशक्त तभी होगी जब वह स्वतंत्र निर्णय ले सके, आत्मसम्मान से जी सके और उसे समान अवसर व सुरक्षा मिले। एक सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बदल सकती है, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा भी बदल सकती है।

## भारत-डेलावेयर बायोमैन्युफैक्चरिंग वर्किंग ग्रुप का हो गठन: जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत-डेलावेयर (अमेरिका) के बीच उन्नत बायोमैन्युफैक्चरिंग में संरचित सहयोग के लिए भारत-डेलावेयर बायोमैन्यूफेक्चरिंग वर्किंग ग्रुप का गठन होना चाहिए। यह समूह का दोनों देशों के बीच शोध, विनिर्माण और स्टार्टअप इकोसिस्टम में ठोस साझेदारी को आगे बढाएगा।

डॉ. सिंह ने यह प्रस्ताव सेवा तीर्थ में डेलावेयर के गवर्नर मैट मेयर के नेतृत्व में आए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान रखा। बैठक में कई क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया जिसमें फार्मा और जैव-प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार-आधारित औद्योगिक विकास और उन्नत बायोमैन्युफैक्चरिंग शामिल है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी भारत-अमेरिका व्यापक रणनीतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है और नवाचार-समृद्ध अमेरिकी राज्यों के साथ गहरा सहयोग संभावनाओं से भरा है। भारत जैव-प्रौद्योगिकी और फार्मास्युटिकल नवाचार में वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद का उल्लेख किया, जिसके 37 प्रयोगशालाएं, 7,500 से अधिक वैज्ञानिक, ग्रीन हाइड्रोजन, क्वांटम टेक्नोलॉजी, बायोसाइंस और बायोफार्मा जैसे मिशनों में योगदान सरकार द्वारा एक



लाख करोड़ रुपये का आरएंडडी और इनोवेशन फंड भी स्थापित किया गया है, जिससे निजी और डीप-टेक निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

डेलावेयर के बायोसाइंस इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने जैव औषधीय पदार्थों के निर्माण में नवाचार के लिए राष्ट्रीय संस्थान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच एआई सक्षम बायोमैन्युफैक्चरिंग, तेज़ स्केल-अप टेक्नोलॉजी, अगली पीढ़ी के बायोलॉजिक्स और वैक्सीन, किफायती बायोसिमिलर और टीकों का सह-विकास प्रस्तावित है।

#### *पश्चिम बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में वरिष्ठ नेताओं ने विकास, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर*

# भाजपा सरकार बनने के बाद इस्लामपुर 'ईश्वरपुर' में परिवर्तित होगा : नितिन

*कोलकाता ■ एजेंसी*

*पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी जनभागीदारी देखने को मिली। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए विकास, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन पर पार्टी के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से पेश किया।*

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मालदा के इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के इस्लामपुर कोर्ट मैदान में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद इस्लामपुर 'ईश्वरपुर' में परिवर्तित होगा, जो सांस्कृतिक गौरव और विकास का प्रतीक बनेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार महिलाओं को घरों तक सीमित रखना चाहती है, जबकि बंगाल की महिलाएं राष्ट्र का नेतृत्व करने की क्षमता रखती हैं। नवीन ने तुष्टिकरण की राजनीति और अवैध घुसपैठ को बंगाल की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना के लिए खतरा बताया।*

*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हावड़ा-हुगली के आमता विधानसभा क्षेत्र स्थित जॉयपुर अमरागोरी एथलेटिक क्लब मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य ऐसा बंगाल बनाना है जहां नागरिक भयमुक्त और शांतिपूर्ण*



*जीवन जी सकें। उन्होंने औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना, सड़क और पुल निर्माण, तथा रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। साथ ही भ्रष्टाचार प्रभावित जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।*

*उत्तर 24 परगना के संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति और राजनीतिक हिंसा के कारण महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में बताया। चौहान ने सुंदरबन क्षेत्र को प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने, अवैध घुसपैठ पर कड़ी कार्रवाई करने, और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता का ऐलान किया।*

*महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बर्दवान के हसन विधानसभा क्षेत्र स्थित अरापुर बेसिक मोड़ मैदान में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल औद्योगिकीकरण में पिछड़ गया है और आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाया। उन्होंने भाजपा सरकार बनने पर औद्योगिक विश्वास बहाल करने, आर्थिक अवसर बढ़ाने और विकास योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।*

### कोलकाता में केंद्रीय कृषि मंत्री ने जूट, जल प्रबंधन व मत्स्य क्षेत्र में सुधार पर दिया जोर



**कोलकाता।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोलकाता स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों की व्यापक समीक्षा बैठक की। सोमवार को हुई इस बैठक में जूट क्षेत्र को सशक्त बनाने, कृषि की स्थिरता बढ़ाने और मत्स्य आधारित ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने जूट उद्योग को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों की समीक्षा की, जिनमें कच्चे जूट की गुणवत्ता, ग्रेडिंग प्रणाली और किसानों को प्रभावित करने वाली जल संकट जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने ग्रेडिंग की सटीकता सुधारने, उचित मूल्य सुनिश्चित करने और कुल उत्पादकता बढ़ाने के लिए समाधान विकसित करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने जूट उत्पादों में विविधता लाने और निर्यात अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका कहना था कि मूल्य संवर्धित जूट उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक प्राकृतिक रेशे के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत करने में मदद करेंगे। इसके लिए उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, उद्योग के हितधारकों और सरकारी एजेंसियों के समेकित दृष्टिकोण की आवश्यकता बताई।

# खाने के स्वाद के साथ ही सेहत को ठीक रखता है धनिया



धनिया पत्ती और उसके बीज हमें सेहमंद बनाये रखते हैं। खाने में भले ही मिर्च-मसाला न हो लेकिन अगर धनिया पत्ती से डाल दी जाये तो स्वाद बढ़ जाता है। क्या आप जानते हैं धनिया सिर्फ खाने की खूबसूरती और स्वाजद ही नहीं बढ़ाता बल्कित इसका पानी आपके स्वाास्थ्ि के लिए बेहद गुणकारी है। धन?िया के पानी में पोटैश?ियम, कैल्शिय म, विटामिन सी और मैग्नीबजियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है और ये सभी तत्वे बीमारियों को कोसों दूर रखते हैं। धनिये का पानी पीने के ढेरों फायदे हैं जिनमें से कुछ के बारे में हम आपको यहां पर जानकारी दे रहे हैं।

## वजन कम करता है

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो धनिये के बीज का इस्तैमाल करने से फायदा होगा। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच धनिये के बीज एक गिलास पानी में उबालें। जब पानी आधे से कम हो जाए तो इसे छान लीजिए। इस पानी को रोजाना दो बार पीने से वजन घटने लगेगा।

## कॉलेस्ट्रॉल से छुटकारा

धनिया में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। रिसर्च के अनुसार अगर किसी को हाई कॉलेस्ट्रॉल की शिकायत है तो उसे धनिया के बीज उबालकर उस पानी को पीना चाहिए।

## भगाए पेट की बीमारियां

अगर आपको पेट से संबंधित कोई समस्या है तो दो कप पानी में धनिये के बीज, जीरा, चाय पत्ती और शक्कर डालकर अच्छे से मिला ले। इस पानी को पीने से एसिडिटी में आराम मिलता है! पेट में दर्द होने पर आधा गिलास पानी में दो चम्मच धनिया के बीज डालकर पीने से पेट दर्द से राहत मिलती है।

## बढ़ाए डाइजेशन

हरा धनिया पेट की समस्याओं को दूर कर पाचनशक्ति बढ़ाता है। धनिए के ताजे पत्तों को छाछ में मिलाकर पीने से बदहजमी, मतली, पेचिश और कोलाइटिस में आराम मिलता है।

## डायबिटीज से आराम

धनिए को मधुमेह नाशी यानी कि डायबिटीज को दूर भगाने वाला माना जाता है. इसका पानी पीने से खून में इंसुलिन की मात्रा नियंत्रित रहती है।

## नकसीर की दवा

हरे ताजे धनिया की लगभग 20 ग्राम पत्तियों के साथ चुटकी भर कपूर मिला कर पीस लें और रस छान लें। इस रस की दो बूंदें नाक के छेदों में दोनों तरफ टपकाने से और रस को माथे पर लगा कर हल्का-हल्का मलने से नाक से निकलने वाला खून बंद हो जाता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

धनिया के बीज आंखों के लिए भी फायदेमंद हैं। धनिया के थोड़े से बीज कूट कर पानी में उबालें। इस पानी को ठंडा करके मोटे कपड़े से छान लें और इसकी दो बूंदे आंखों में टपकाने से जलन, दर्द और पानी गिरना जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

## पीरियड्स की प्रॉब्लकम

धनिया महिलाओं में पीरियड्स संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिए के बीज डालकर खौलाएं। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।

## मुहांसों में फायदेमंद

धनिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। धनिए के जूस में हल्दी पाउडर मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें। दिन में दो बार इस लेप का इस्तेमाल करने से बहुत जल्दी मुहांसों और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा और चेहरे की सुंदरता भी बढ़ेगी घमौरियां होने पर धनिया के पानी से नहाना चाहिए!

# सफेद ब्रेड और पास्ता का सेवन अवसाद के बढ़ते खतरे से जुड़ा हुआ है



सफेद ब्रेड और पास्ता का सेवन अवसाद के बढ़ते खतरे से जुड़ा हुआ है। (जेम्स/फ्लिकर)

रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि वे जितना अधिक चीनी और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट खाती हैं - जैसे कि सफेद ब्रेड और पास्ता - उनमें अवसाद विकसित होने की संभावना उतनी ही अधिक होती है ।

हालांकि यह अध्ययन स्पष्ट रूप से सीमित है क्योंकि यह आबादी के केवल एक उपसमूह पर केंद्रित है, इसमें 70,000 से अधिक महिलाएं शामिल थीं, और यह इस बात का और सबूत प्रदान करता है कि मानसिक स्वास्थ्य और उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले आहार के बीच एक संबंध हो सकता है - जीआई इस बात का माप है कि शरीर में कार्बोहाइड्रेट कितनी जल्दी टूटते और अवशोषित होते हैं।

अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के महिला स्वास्थ्य पहल अवलोकन अध्ययन द्वारा 1994 और 1998 के बीच एकत्र किए गए आंकड़ों का अध्ययन किया और फिर तीन साल बाद किए गए अनुवर्ती अध्ययन से उनकी तुलना की ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रतिभागियों के खान-पान और उनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के विकसित होने के बीच कोई संबंध है या नहीं।

उम्र, आय और समग्र स्वास्थ्य जैसे कारकों को ध्यान में रखने के बाद, टीम ने पाया कि महिलाएं जितना अधिक अतिरिक्त शर्करा, परिष्कृत अनाज और अन्य उच्च जीआई वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करती हैं, उनमें अवसाद विकसित होने की संभावना उतनी ही अधिक होती है।

दूसरी ओर, जो लोग भरपूर मात्रा में फाइबर, साबुत अनाज, सब्जियां और बिना जूस वाले फल खाते थे, उनमें अवसाद होने का खतरा काफी कम था। शोधकर्ताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में लिखा , 'इससे पता चलता है कि आहार संबंधी उपाय अवसाद के उपचार और रोकथाम दोनों के रूप में काम कर सकते हैं।'

इस अध्ययन में एक संभावित प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया है जिसके माध्यम से उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले खाद्य पदार्थ मानसिक बीमारी को ट्रिगर कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कार्बोहाइड्रेट खाने के बाद, हमारे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। लेकिन कितना और कितनी तेज़ी से, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हमने किस प्रकार का कार्बोहाइड्रेट खाया है। सफेद ब्रेड, चावल और पास्ता जैसे अनाज जितने अधिक परिष्कृत होते हैं, उनका जीआई उतना ही अधिक होता है। इसका अर्थ है कि वे रक्त शर्करा के स्तर को तेज़ी से बढ़ाते हैं, जिससे एक त्वरित 'ऊर्जा' का अनुभव होता है, और फिर शरीर में हार्मोनल प्रतिक्रिया होती है ताकि इसे फिर से नीचे लाया जा सके - जिससे भारी भोजन के बाद अपरिहार्य 'फूड कोमा' की अनुभूति होती है।

लेकिन शुगर लेवल अचानक कम होने से कुछ लोगों को बहुत बुरा महसूस हो सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है, 'यह प्रतिक्रिया मूड में बदलाव, थकान और अवसाद के अन्य लक्षणों को पैदा कर सकती है या बढ़ा सकती है।'

अन्य शोधों से यह भी पता चला है कि रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट सहित जंक फूड, हमारे पेट के बैक्टीरिया के संतुलन को बिगाड़ सकता है, जो न केवल हमारे पाचन स्वास्थ्य में, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य, चिंता के स्तर और खाने की आदतों में भी तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले आहार मानसिक बीमारी को कैसे बढ़ा सकते हैं, यह स्पष्ट रूप से दिखाने के लिए और यह पता लगाने के लिए कि क्या व्यापक आबादी में भी यही प्रवृत्ति मौजूद है, आगे के शोध की निश्चित रूप से आवश्यकता है। हालांकि अभी हमारे पास पूरी जानकारी नहीं है, यह अध्ययन उन बढ़ते प्रमाणों का हिस्सा है जो यह सुझाव देते हैं कि आपका खान-पान आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आपके वजन के लिए।

और अच्छी खबर यह है कि शोधकर्ता ऐसे तरीके भी खोज रहे हैं जिनसे हम स्पैगेटी बोलोग्नीज़ का आनंद ले सकें और साथ ही उसका सेवन भी कर सकें। वे ऐसे खाना पकाने के तरीके खोज रहे हैं जिनसे पास्ता और चावल जैसे खाद्य पदार्थों का जीआई (ग्लाइसेमिक इंडेक्स) कम हो जाए और वे रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट के बजाय आहार फाइबर की तरह काम करें। याद रखें, हर चीज सीमित मात्रा में ही खानी चाहिए, बच्चों।

# खुश रहने करें सूखे मेवे का नाश्ता



सुबह उठते ही कुछ लोग गुस्से में दिखते हैं या अवसाद ग्रस्त नजर आते हैं। ऐसे में हमें समझ नहीं आता कि क्या किया जाये। अगर आप के साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो अपने खान-पान पर ध्यान दें। बात इतनी सी है कि खान पान का असर सेहत के साथ ही दिमाग पर भी पड़ता है। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं जो सेहत के साथ-साथ मूड को भी ठीक रखते हैं। आइए जानते हैं इसमें से कौन से एक चीज खाने से किस तरह आप पूरा दिन खुश रहेंगे।

## सूखे मेवे

नाशते में एक मुट्ठी सूखे मेवों का सेवन जरूर करें। इसमें आप बादाम, काजू, पिस्ता, किश्मिश आदि किसी भी तरह का मेवा खा सकते हैं। इसमें मौजूद सेलेनियम नामक खनिज पदार्थ चिंता,थकावट, उदासी आदि कम करने में मददगार है। इससे आप अच्छा और तरोताजा महसूस करेंगे।

## चॉकलेट

हर समय खुद को दुखी महसूस करते हैं तो चॉकलेट का सेवन करें। चॉकलेट में मौजूद अनांड़माइन तत्व मस्तिष्क में डोपामाइन के स्तर को बनाए रखने में मददगार है। इससे आप तनाव मुक्त महसूस करने लगेगे और मन भी शांत बना रहेगा।

## पास्ता

साबुत अनाज से बना पास्ता हैल्दी फूड की लिस्ट में शामिल है। इसमें पाई जाने वाली मैग्निशियम की मात्रा तनाव के स्तर को कम करती है।


## पालक

पालक में मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें आयरन, विटामिन ए और सी जैसे तत्व भी शामिल होते हैं। एनर्जी से भरपूर रहने के लिए पालक का सेवन जरूर करें।

## ओट्स ब्रेड

नाश्ते में व्हाइट ब्रेड की जगह पर साबुत अनाज से बनी डबल रोटी मैग्नीशियम की कमी को पूरा करती है। सारा दिन तनाव मुक्त रहने के लिए नाश्ते में इस ब्रेड से बना टोस्ट या फिर सैंडविच खाना फायदेमंद है।

# कॉफी पीने से दिल की बीमारियों का खतरा होता है कम



अगर आप कॉफी पीते हैं तो आपको दिल की बिमारियों का खतरा कम होता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि दिन में चार कप कॉफी पीने से दिल की बीमारियों की वजह से होने वाली मौत का खतरा दो तिहाई कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन 20,000 लोगों पर किया है.

शोधकताओं ने अध्ययन के दौरान पाया कि कॉफी पीने से शरीर की प्रतिरोधकत क्षमता बढ़ती है। यह दिल की सेहत के लिए अच्छा है और कैंसर से बचाव करती है। शोधकर्ता ने कहा कि लोगों को खूब कॉफी पीनी चाहिए। इससे उनका दिल सेहतमंद रहेगा और कैंसर का खतरा भी कम होगा। यह अध्ययन 20,000 लोगों पर 10 साल तक किया गया1 इसके अलावा पिछले महीने 5,20,000 लोगों पर हुए एक अध्ययन में पाया गया कि कॉफी लीवर की सेहत सुधारने में भी कारगर है।

कॉफी में दरअसल, कई तरह के यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर के संपर्क में आते ही एक एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करने लगते हैं हालांकि शोधकर्ताओं ने बहुत ज्यादा कॉफी पीने से भी मना किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार दिन में अधिकतम 4 कप कॉफी काफी है। इससे ज्यादा कॉफी पीने से नुकसान पहुंच सकता है।

यूरोपियन फूड सेफ्टी एजेंसी की सलाह मानें तो रोजाना किसी भी व्यक्तिध को 0.4 ग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि आप अगर एस्प्रेस्सो कॉफी पीते हैं तो दिन में 5 कप और अगर इंस्टैंट कॉफी पीते हैं तो 4 कप से ज्यादा कॉफी ना पीयें।

# मोतियाबिंद से रहें सावधान



मोतियाबिंद की समस्या पहले सिर्फ बुजुर्गों में ही पायी जाती थी लेकिन आजकल ये युवाओं ओर बच्चों को भी अपना शिकार बना रही है। अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसका असर भी आपके आंखों की रोशनी पर होता है जिससे मोतियाबिंद की समस्या होती है। हमारी आंख की पुतली के पीछे एक लेंस होता है। पुतली पर पड़ने वाली लाइट को यह लेंस फोकस करता है और रेटिना पर ऑब्जेक्ट की साफ इमेज बनाता है। रेटिना से यह इमेज नर्व्स तक और वहां से दिमाग तक पहुंचती है। आंख की पुतली के पीछे मौजूद यह लेंस पूरी तरह से साफ होता है , ताकि इससे लाइट आसानी से पास हो सके।

कभी-कभी इस लेंस पर कुछ धुंधलापन आ जाता है , जिसकी वजह से इससे गुजरने वाला प्रकाश का रास्ता बंद हो जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि पूरी लाइट पास होने पर जो ऑब्जेक्ट इंसान को बिल्कुल साफ दिखाई देता है,अब कम लाइट पास होने की वजह से वही ऑब्जेक्ट धुंधला नजर आने लगता है। लेंस पर होनेवाले इसी धुंधलेपन की स्थिति को मोतियाबिंद कहा जाता है। यह क्लाउडिंग धीरे - धीरे बढ़ती जाती है और मरीज की नजर पहले से ज्यादा धुंधली होती जाती है। मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं ये बीमारियां।

## मधुमेह

मधुमेह शरीर के दूसरे अंगों जैसे गुर्दे और हृदय की ही अनेक बीमारियों का कारण ही नहीं है बल्कि आंखों पर भी कई प्रकार से इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। मधुमेह के लगभग 80 प्रतिशत रोगियों को जीवन में आंखों की किसी न किसी समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है। आंखों की इन समस्याओं में प्रमुख हैं- डायबेटिक रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद तथा काला मोतिया। मधुमेह के कारण होने वाली इन बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि मधुमेह के रोगी समय-समय अपनी आंखों की जांच कराते रहें और कोई भी दिक्कत सामने आते ही उसका इलाज करवाना शुरू कर दें। कुछ मरीजों में लैंस में धुंधलापन आ जाता है, उसकी पारदर्शिता खत्म हो जाती है इसे डायबिटिक कैटरैक्ट कहते हैं।

## यूवाइटिस

यूवाइटिस एक प्रकार की सूजन है जो यूवेइआ में होते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें ट्रामा या संक्रमण भी एक हैं। इस बीमारी के कोई भी ज्ञात कारण नहीं है। मोतियाबिंद की समस्या उन लोगों में ज्यादा होती है जो जो यूवाइटिस से ग्रस्त होते हैं। यूवाइटिस अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में तेजी से फैल रही है। भारत में भी इस बीमारी के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। दुनिया में यूवाइटिस को कैंसर से भी खतरनाक माना जा रहा है।

## मायोपिया में मोतियाबिंद का खतरा ज्यादा

जो लोग उच्च निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से प्रभावित होते हैं उनमें मोतियाबिंद का खतरा कहीं अधिक होता है। डॉक्टर के मुताबिक बचपन में देखन की क्षमता का विकास होता और किशोरावस्था में आंख की लंबाई बढ़ती है लेकिन निकट दृष्टि दोष होने की वजह से यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में आंख में जानेवाला प्रकाश रेटिना पर केंद्रित नहीं होता। इसी वजह से तस्वीर धुंधली दिखाई देती है लेकिन इस दोष को कॉंटैक्ट लेंस या सर्जरी से ठीक कराया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### होप ने कहा सैमसन की पारी से मैच हमारे हाथ से निकला

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान शाई होप ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर निराश जतायी है। होप ने कहा कि भारतीय टीम के बल्लेबाज संजू सैमसन की पारी से ये मैच उनके हाथ से निकल गया। होप के अनुसार टीम के शीर्ष क्रम के असफल होने से भी उन्हें नुकसान हुआ। साथ ही कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम कुछ और होता। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 195 रन बनाए। वहीं अंत में उनकी टीम करीब 20 रन और बना सकती थी पर उनकी धीमी पारी से इसपर पानी फिर गया। होप ने 32 रन बनाने के लिए 33 गेंदें खेलीं और उनका स्ट्राइक रेट काफी कम 96 रहा। वह 17 गेंदों पर रन नहीं बना पायी और इसी से मैच में अंतर आ गया। होप ने कहा, मैं गलती मानता हूं। मुझे और तेज बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। जब आप नेतृत्व कर रहे होते हैं तो आप आगे बढ़कर लय बनाना चाहते हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सेमीफाइनल में सूर्यकुमार पर रहेंगी नजरें

**मुम्बई।** इंग्लैंड के साथ 5 मार्च को होने वाले टी20 विश्वकप सेमीफाइनल मुकाबले में सबकी नजरें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं। इसका कारण है कि सूर्यकुमार का रिकार्ड इंग्लैंड के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में कई अच्छी पारियां खेली हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 170 से ऊपर रहा है। इससे साफ है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ सफल रहे हैं। सूर्यकुमार ने तेज गेंदबाजों के साथ ही उछलती हुई गेंदों के खिलाफ भी काफी अच्छा खेला है। उनके रहने से भारतीय बल्लेबाजी को बल मिलता है। इंग्लैंड के खिलाफ उनका सबसे सबसे अच्छा प्रदर्शन 2022 का था, जब उन्होंने नॉटिंघम में 55 गेंदों पर 117 रन बनाये थे। यह उनके टी20 करियर का पहला शतक था।

### थरूर ने सैमसन की पारी को जमकर सराहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर क्रिकेट के शौकीन है और हमेशा मैचों को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देते रहते है। थरुर ने अब विकेटकपीर बल्लेबाज संजू सैमसन की वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे सुपर-8 में खेली 97 रनों की नाबाद पारी की जमकर सराहना की है। सैमसन की इस पारी से भारतीय टीम विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वेस्टइंडीज पर भारतीय टीम की जीत के बाद थरूर ने सैमसन को भारत की शान और तिरुवनंतपुरम का बेटा' बताया है।

# तीरंदाज अंकिता भकत की नजरें एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लगी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को भी हाल में हराया था, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं।

अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरुआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं।

2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।

### कोच अमेलिया के मार्गदर्शन में वियतनाम के खिलाफ उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**पर्थ।** एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल में भारतीय महिला टीम 4 मार्च को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम को इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरना होगा। इसका कारण है कि वियतनाम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है। नई मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे, के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का ये पहला मुकाबला होगा। ये मुकाबला टीम के लिए आसान नहीं होगा। वियतनामी टीम साल 2022 में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम को दो बार की विजो जापान से खेलना होगा। ये मुकाबला भी काफी कठिन होगा क्योंकि जापान फीफा रैंकिंग में शीर्ष टीमों में से एक है। जापान की कई खिलाड़ी इंग्लैंड लीग में भी खेलती हैं, जिससे भी वह काफी बेहतर मानी जाती हैं। भारतीय टीम 10 मार्च को भारत चीनी ताइपे से खेलेगी। फीफा रैंकिंग में 67वें स्थान पर मौजूद भारत के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना बड़ी उपलब्धि होगी।




किगाली में टूर डी रवांडा में अवार्ड समारोह में भाग लेते हुए विजेता खिलाड़ी।

### एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलेगी

# जून में भारत दौरे पर आयेगी अफगानिस्तान टीम, बीसीसीआई ने जारी किया कार्यक्रम

**मुम्बई ■ एजेंसी**



अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम जून में भारत दौरे पर जाएगी। अफगान टीम अपने इस दौरे में एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगान टीम के इस भारत दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अफगानिस्तान टीम अपना एकमात्र टेस्ट मैच न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी। इसके बाद तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज होगी। बीसीसीआई के अनुसार टेस्ट मैच 6 जून से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। वहीं एकदिवसीय सीरीज 14 जून, 2026 को धर्मशाला में शुरू होगी, जिसके बाद के मैच लखनऊ और चेन्नई में खेले जाएंगेगे। सभी एकदिवीसय मैच दोपहर 1:30 बजे शुय होंगे। इस दौरे से पहले भरतीय टीम को आईपीएल खेलना है।।

अफगानिस्तान के भारत दौरे का कार्यक्रम: भारत और अफगानिस्तान टेस्ट मैच, 6 जून से, सुबह 9 बजे, भारत और अफगानिस्तान पहला एकदिवसीय, 14 जून को, दोपहर 1.30 बजे, भारत और अफगानिस्तान दूसरा एकदिवसीय, , 17 जून को, दोपहर 1.30 बजे

भारत और अफगानिस्तान तीसरा एकदिवसीय, 20 जून को, दोपहर 1.30 बजे, अफगानिस्तान ने इससे पहले साल 2018 में अपना पहला टेस्ट भी भारतीय टीम के खिलाफ ही खेला था, उस मैच में भारतीय टीम ने जीत हासिल की थी। अफगानिस्तान ने अब तक कुल 12 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्हें 4 में जीत मिली है, 7 हारे हैं और एक ड्रॉ रहा है।

# यूएस की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फीफा विश्वकप में ईरान का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




तेहरान अमेरिका-इस्राइल हमलों और क्षेत्रीय अस्थिरता के बाद ईरान के फुटबॉल महासंघ प्रमुख मेहदी ताज ने फीफा विश्वकप में टीम की भागीदारी पर संदेह जताया है। वहीं, मेजर लीग सॉकर में लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया और अहम जीत दर्ज की।

ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं।

मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश-3 से कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।' अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है।

विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

लियोनल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता: लियोनल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया।

मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई।

## व्यापार समाचार

### एयरटेल और गूगल की बड़ी साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और वैश्विक तकनीकी दिग्गज गूगल ने देश के करोड़ों उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म को एक साथ लाया गया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले फोटो-वीडियो साझा करने के साथ-साथ उन्नत स्पैम फिल्टरिंग और डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा मिलेगी। पिछले डेढ़ वर्ष में एयरटेल ने एआई-संचालित पहलों के जरिए स्पैम के खिलाफ अभियान का नेतृत्व करते हुए अब तक 71 अरब स्पैम कॉल और 2.9 अरब स्पैम एसएमएस ब्लॉक किए हैं, जिससे नेटवर्क पर होने वाले वित्तीय नुकसान में 68.7 प्रतिशत की कमी आई है।

### डिविडेंड शेयर अनिश्चित बाजार में निवेशकों का सुरक्षा कवच

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव वाले शेयर बाजार में निवेशक अक्सर ऐसे विकल्प की तलाश में रहते हैं जो उन्हें सुकून और नियमित आय दे। यही वजह है कि डिविडेंड देने वाले शेयर अपने निवेशकों के लिए बेहद मूल्यवान साबित होते हैं। ये शेयर तेजी के दौर में सबसे चमकदार नहीं लग सकते, लेकिन अनिश्चितता बढ़ने पर निवेशकों के लिए अहम सुरक्षा प्रदान करते हैं। डिविडेंड को समझना आसान है। कल्पना कीजिए, आपने शहर के बीचोंबीच एक दुकान खरीदी। हर महीने किराया मिलता है और साल-दर-साल उसकी कीमत बढ़ती रहती है। शेयर बाजार में डिविडेंड यील्ड स्ट्रेटजी बिल्कुल यही काम करती है। डिविडेंड वह नकद राशि है जो कंपनी अपने शेयरधारकों को देती है।

### प्रविण मसालेवाले ने लॉन्च की सुहाना नूर रेंज

**पुणे।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती फूड सॉल्यूशंस कंपनियों में से एक, प्रविण मसालेवाले ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए मिश्रित मसालों की नई रेंज सुहाना नूर को बाजार में उतारा है। यह नई श्रृंखला विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है, जो घर पर पारंपरिक मुग़लई व्यंजनों का असली और प्रमाणित स्वाद चाहते हैं। कोरमा, करी, टिक्का और बिरयानी जैसे मुग़लई व्यंजनों की वैश्विक लोकप्रियता को देखते हुए कंपनी ने इस विशिष्ट रेंज को विकसित किया है। मुग़लई खानपान की सदियों पुरानी परंपरा और बारीकियों को सहेजने के लिए कंपनी की अनुसंधान टीम ने दो साल से अधिक समय तक गहन शोध किया।

### सोना 7 हजार रुपए बढ़ा, पाकिस्तानी बाजार 10% टूटा

# अमेरिका-ईरान जंग से सेंसेक्स 1048 अंक गिरा, 80,239 पर बंद

**मुंबई ■ एजेंसी**




अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते भारतीय शेयर बाजार में आज यानी 2 मार्च को गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक (1.29%) गिरावट के साथ 80,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 313 अंकों (1.24%) की गिरावट रही, ये 24,866 के स्तर पर आ गया।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

कच्चा तेल 10% चढ़कर 79 डॉलर पर पहुंचा: कच्चे तेज की कीमतों में तेजी के चलते आज एनर्जी और ऑटो शेयरों में ज्यादा गिरावट है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 10% बढ़कर 79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है।

सोना 7 हजार रुपए बढ़ा, 1.66 लाख पर पहुंचा: इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध जैसे अनिश्चित माहौल में निवेशक सोने को सुरक्षित मानते हैं और इसमें पैसा लगाने लगते हैं। इससे इसकी डिमांड बढ़ती है और ये महंगे होने लगते हैं।

अलग-अलग शहरों के बाजार में सोने की कीमत: जापान का निक्केई इंडेक्स 1.35% गिरकर 58,057 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.14% गिरकर 26,059 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.47% चढ़कर 4,182 पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार 27 फरवरी को मिला-जुला रहा डाउ जोन्स 17 अंक (1.05%) गिरकर 48,977 पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.92% गिरकर 22,668 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 30 अंक (0.43%) गिरकर 6,878 पर बंद हुआ।

पाकिस्तान शेयर बाजार में बड़ी गिरावट,चस्श्व-30 इंडेक्स 9.8% टूटा: कराची स्टॉक एक्सचेंज (चस्श्व) का प्रमुख इंडेक्स चस्श्व-30 सोमवार, 2 मार्च को कारोबार के दौरान 9.8% तक गिर गया। बाजार में भारी बिकवाली को देखते हुए ट्रेडिंग को एक घंटे के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, दोबारा बाजार खुलने पर गिरावट थोड़ी कम हुई और यह 7.3% के नुकसान पर आ गया।

कमोडिटी मार्केट में सुबह बंद, शाम को खुलेगा: मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मंगलवार को आंशिक अवकाश रहेगा। स्ष्टङ्ग का सुबह का सेशन बंद रहेगा, लेकिन शाम के सेशन में शाम 5:00 बजे से रात 11:30 बजे तक ट्रेडिंग होगी। वहीं, नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज दोनों सत्रों के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। होली पर 3 मार्च को बंद रहेंगे शेयर बाजार: देश के प्रमुख शेयर बाजार, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, मंगलवार यानी 3 मार्च को होली के उपलक्ष्य में बंद रहेंगे। हालांकि, देश के बड़े हिस्सों में रंगों का यह त्योहार बुधवार, 4 मार्च को मनाया जाएगा। जर्मनी का DAX 2.3% और फ्रांस का CAC 1.8% गिरा: यूरोपीय बाजारों के लिए मार्च की शुरुआत खराब रही। ईरान के साथ बढ़ते तनाव के कारण ग्लोबल मार्केट में मची खलबली से पिछले हफ्ते के रिकॉर्ड स्तर से यूरोपीय शेयर नीचे आ गए हैं।

### एसरप्योर ने लॉन्च किए 7 नए स्प्लिट इन्वर्टर एसी

# 7-इन-1 कन्वर्टिबल तकनीक और 'आइस ब्लास्ट' मोड के साथ मिलेगी जबरदस्त बचत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**




टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 50 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले एसर ग्रुप की कंपनी, एसरप्योर इंडिया ने आज राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपनी लेटेस्ट 'एसरप्योर चिल नियो' स्प्लिट इन्वर्टर एसी सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की।

पिछले पांच दशकों से एसर अपनी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विश्वसनीयता और अत्याधुनिक नवाचार के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता रहा है। इसी भरोसे और विरासत को आगे बढ़ाते हुए, एसरप्योर अब अपने विस्तृत होते 'कंज्यूमर अप्लायंसेज' पोर्टफोलियो के जरिए भारतीय घरों में शानदार परफॉर्मेंस और स्मार्ट डिजाइन का अनुभव पेश कर रहा है।

इस भव्य लॉन्च इवेंट के दौरान एसर इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर सुधीर गोयल, एसरप्योर इंडिया के डायरेक्टर वासुदेव जी, सेल्स हेड रोहित जुत्शी, एपीएसी कंज्यूमर बिजनेस हेड


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला रायसेन (म0प्र0)

कमांक / 281 /खनिज/2026 रायसेन, दिनाक 26/02/2026

द्वितीय सूचना

(म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क)

यह कि सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री राजेश पटेल आ. श्री डी.पी. पटेल, नि. ब्रम्हानगर, उदयपुरा तहसील उदयपुरा जिला रायसेन (म.प्र.) द्वारा खनिज पत्थर उत्खनिपट्टा नवकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.01.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 59/खनिज/2026 रायसेन दिनांक 08.01.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल ekhnij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| क्रं. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उदयपुरा | पुरैना | 79/1 | 0.960हे0 क्षेत्र पर | शासकीय भूमि | खनिज पत्थर उत्खनिपट्टा नवकरण हेतु | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करनें की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G26800/25

खनि अधिकारी
जिला रायसेन


# कूपर कॉर्पोरेशन ने एसीएमए बेस्ट एचआर प्रतियोगिता में जीत हासिल की, डिजिटल नवाचार के लिए मिला सर्वोच्च सम्मान

**पुणे ■ एजेंसी**




पुण इंजिन, इंजिन के पार्ट्स और जनरेटर बनाने वाली विश्व प्रसिद्ध कंपनी, कूपर कॉर्पोरेशन को मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र में की गई नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए एसीएमए के 17वें वार्षिक एचआर समिट (पश्चिम क्षेत्र) में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर की 18 शीर्ष कंपनियों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करके, कूपर कॉर्पोरेशनने एसीएमए की 6वीं बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेस प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप का स्थान हासिल किया।

इस समिट का विषय था 'फ्यूचर-रेडी एचआर: लोगों, तकनीक और प्रतिभा को आकार देना।' इसमें ऑटोमोबाइल उद्योग क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ, नीति निर्माता और एचआर पेशेवर शामिल हुए। कार्यक्रम में एचआर क्षेत्र में बदलाव, ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) का समावेश और बदलते कामकाजी वातावरण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, कूपर कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री फारुख एन. कूपर ने कहा,: ' एसीएमए बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेस प्रतियोगिता में मिला यह सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। 'ई-एकलव्य' पहल हमारे इस बात का प्रतीक है कि तकनीक की मदद से सीखना भविष्य के लिए सक्षम संस्था बनाने में महत्वपूर्ण है। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इस तरह के पहल हमारे कर्मचारियों के कौशल को लगातार बढ़ाने, उनकी क्षमताओं को सुधारने और बदलते उद्योग वातावरण में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करते हैं। मैं हमारी एचआर और प्रशिक्षण टीम को उनकी मेहनत और नवाचारपूर्ण कार्य के लिए दिल से बधाई देता हूं।'

'ई-एकलव्य' पहल और इसके तहत विकसित डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की सफल कार्यान्वयन के लिए यह पुरस्कार दिया गया। इस सिस्टम को चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर नितीन देशपांडे के नेतृत्व में बनाया गया, ताकि प्रशिक्षण और विकास की प्रक्रिया को सरल, प्रभावी और सभी के लिए समान बनाया जा सके। इसे स्वप्निल सांडगे ने विकसित किया और प्रशिक्षण टीम ने सफलतापूर्वक लागू किया।



## रंगपंचमी पर करीला मंदिर में उमड़ेगी आस्था

**विदिशा।** रंगपंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए करीला मंदिर में की जा रही व्यवस्थाओं का कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने संयुक्त रूप से स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवागमन सुचारू रूप से संचालित रहे, इसके लिए पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं मार्ग संकेतक सुव्यवस्थित किए जाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने एवं सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना

रायसेन ■ निसं

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय रायसेन में रविवार को आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं को भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें अवगत कराया।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में सड़क पेयजल आदि की समस्याएं लेकर लोग ज्यादा आ रहे हैं सड़क पानी और अन्य विकास कार्यों को लेकर भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं को रूबरू होकर सुना जाता है फिर उनके निराकरण के लिए भी प्रयास करते हैं एक जिम्मेदार जन प्रतिनिधि की भूमिका निभाते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शर्मा लगातार 3



वर्षों से भाजपा कार्यालय में बैठकर नागरिकों की समस्याओं को सुनते आ रहे हैं। कार्यालय में पिछले कई वर्षों बाद ऐसा देखने में आ रहा है कि जिला भाजपा अध्यक्ष द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है।

शर्मा का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिले के अध्यक्ष जिले से आने वाले नागरिकों की समस्याओं को सुनें और उनके निराकरण के लिए भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का निराकरण समय पर हो सके और सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ भी आम नागरिकों को आसानी के साथ मिल सके। इसी के तहत भाजपा कार्यालय में बैठकर यहां आने वाले हर नागरिक की समस्या को मेरे द्वारा सुना जाता है। मेरा भर सब प्रयास रहता है कि कोई भी नागरिक परेशान न हो और उसकी समस्या का हल समय पर हो जाए।

## गेहूं, चना, मसूर के ई-उपार्जन एवं सरसों भावांतर योजना में अधिक सेअधिक पंजीयन कराएं किसान

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि के.एस. खपेडिया द्वारा जिले के समस्त किसानों से अपील की गई है कि वे गेहूं, चना एवं मसूर के ई-उपार्जन तथा सरसों के लिए भावांतर योजना अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ उन्हें समय पर प्राप्त हो सके। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित है, जबकि चना एवं मसूर के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च है। भावांतर योजना अंतर्गत सरसों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 तय की गई है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिले का कोई भी पात्र किसान उपार्जन एवं भावांतर प्रक्रिया से वंचित न रहे। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में 113 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर की गई है। पूर्व वर्षों की भांति सहकारी समितियों द्वारा भी पंजीयन किया जा रहा है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित केंद्रों पर उपलब्ध होगी।

## 5 मार्च से बंद होगा सम्राट अशोक सागर बांध की नहरों का संचालन

**विदिशा।** सम्राट अशोक सागर संभाग क्रमांक दो के कार्यपालन यंत्री राजकुमार पंडलोई द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार सम्राट अशोक सागर बांध से रबी फसलों की सिंचाई हेतु 05 नवंबर 2025 से निरंतर जल प्रदाय किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत अब 05 मार्च 2026 से नहरों का संचालन बंद किया जाना प्रस्तावित है। विभागीय जानकारी के अनुसार बांध में उपलब्ध जल से पेयजल, औद्योगिक उपयोग तथा अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में जल आरक्षित रखने के उपरांत ही नहर संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम भविष्य की आवश्यकताओं एवं जल संतुलन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। जल संसाधन विभाग ने कमांड क्षेत्र के सभी कृषकों द्वारा नहरों के सुव्यवस्थित संचालन में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। विभाग का कहना है कि किसानों के सहयोग से रबी सिंचाई सत्र सफलतापूर्वक संचालित हो सका।

## चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर श्री महामाई सेवा समिति की बैठक

# वीरपुर स्थित महामाई माता मंदिर डांगवाली में व्यवस्थाओं की समीक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि

विदिशा ■ निसं

चैत्र नवरात्रि उत्सव विक्रम संवत 2083 के अवसर पर सिरोंज के ग्राम वीरपुर स्थित महामाई माता मंदिर डांगवाली में आयोजित होने वाले तिथिवार कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महामाई सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक से पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर बल




दिया। उन्होंने विभागवार दायित्वों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि मंदिर एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की ओर से लापरवाही की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समय पर बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बड़े आयोजनों के माध्यम से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा सकता है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, वन विभाग, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंदिर के पुजारी नलिनीकांत शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन का वाचन रमेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओ.पी. सनोडिया सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### होली एवं रंगपंचमी को शराब दुकाने बंद, शुष्क दिवस घोषित

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले में तीन मार्च होली और आठ मार्च रंगपंचमी को शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि मंगलवार तीन मार्च को होली (धुरेडी) जिस दिन रंग खेला जाएगा को सांय चार बजे तक सम्पूर्ण विदिशा जिले में मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन, मदिरापान को प्रतिबंधित करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। रंगपंचमी रविवार आठ मार्च के अवसर पर 73 कम्पोजिट मतिदरा दुकानो को सायं चार बजे तक एवं एक कम्पोजिट मदिरा दुकान हाट बामोरीशाला को करीला माता मेला अशोकनगर को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण दिवस हेतु मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन, मदिरापान को प्रतिबंधित करते हुए शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री शरद पाठक ने बताया कि शुष्क दिवसों की अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानो एवं वाइन शापो को उक्त अवधि तक बंद रखते हुए मदिरा का क्रय विक्रय एवं मद्यभण्डागारो से मदिरा का परिवहन निषेध किया गया है।

## भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन

**रायसेन।** सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। रायसेन जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को भविष्य में सरवाईकल कैंसर ना हो, इसके लिए उन्हें एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में जिला चिकित्सालय रायसेन, सिविल अस्पताल मण्डीदीप, सिविल अस्पताल बरेली, सिविल अस्पताल सांची, सिविल अस्पताल गैरतगंज, सिविल अस्पताल बेगमगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औबेदुल्लागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौहरगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलवानी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुरा में सोमवार से शनिवार तक प्रातः 09 बजे से दोपहर 02 बजे 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है।

### जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क लगाई जा रही है वैक्सीन

उल्लेखनीय है कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विगत दिनों इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएँ टीकाकरण के लिए पात्र है। अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएँ भी पात्र मानी जाएँगी।

यह टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। निर्धारित अनुसार 0.5 मि.ली. की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जाएगी। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक अवलोकन में रखा जाएगा।

## समर्थन मूल्य पर उपज उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक होंगे

रायसेन ■ निसं

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं तथा किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित है। रायसेन जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इन पंजीयन केन्द्रों पर 07 मार्च 2026 तक शासकीय कार्य दिवसों में पंजीयन निःशुल्क किए जाएंगे।

किसान इन पंजीयन केन्द्रों के अतिरिक्त मोबाईल एप, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इनके अतिरिक्त एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर अधिकतम 50 रूपए भुगतान कर पंजीयन करा सकते हैं।

किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

### आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें

किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

## खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# टीमों के बीच हुए कड़े संघर्ष में औबेदुल्लागंज बना विजेता

रायसेन ■ निसं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के अंतर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेल प्रोत्साहन हेतु जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खेल परिसर रायसेन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी सात विकासखण्डों की टीमों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सात विकासखण्डों के मध्य मुकाबले के बाद सेमीफाइनल और फाइनल मैच आयोजित किया गया। पहले



सेमीफाइनल में औबेदुल्लागंज ने सिलवानी को 36-28 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया। दूसरे सेमीफाइनल में उदयपुरा ने बाड़ी को 27-10 से शिकस्त दी। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में सिलवानी ने बाड़ी को 18-02 के बड़े अंतर से हराया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण औबेदुल्लागंज और उदयपुर के बीच खेला गया फाइनल मैच रहा। अंत में मात्र 2 अंकों के मामूली अंतर से औबेदुल्लागंज (30 अंक) ने उदयपुरा (28 अंक) पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर जिला स्तरीय खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विद्युत समाधान योजना की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई

# 31 मार्च तक एकमुश्त राशि जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट

**रायसेन, निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में 28 फरवरी तक 21 लाख 67 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है। कुल 1043 करोड़ 53 लाख रूपये जमा किये गये हैं, जबकि 388 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

समाधान योजना 2025-26 एक नजर में: समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। योजना में एक मुश्त भुगतान करने पर 70 से 90 फीसदी तथा किस्तों में भुगतान करने पर 50 से 60 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को कंपनी के पोर्टल पर पंजीयन करना है।

# एचपीवी वायरस टीकाकरण को गंभीरता से नहीं लेने पर सिविल सर्जन तथा जिला टीकाकरण अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

रायसेन ■ निसं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर विश्वकर्मा ने विभागवार और अधिकारीवार सीएम हेल्पलाईन निराकरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों, एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन पर प्रकरण प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए।



कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिला अस्पताल से संबंधित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होने तथा निराकरण की गति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ यशपाल बाल्यान को कार्यप्रणाली में सुधार लाने एवं सीएम हेल्पलाईन का प्राथमिकता से निराकरण हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर विश्वकर्मा ने नॉन अटेन्डेन्ट शिकायतों की समीक्षा के दौरान कहा कि सीएम हेल्पलाईन नॉन अटेन्डेन्ट रहना यह दर्शाता है कि संबंधित अधिकारी अपने कार्य में प्रति गंभीर नहीं है। भविष्य में कोई भी सीएम हेल्पलाईन नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे, यह अधिकारी सुनिश्चित करें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में 14052 महिलाओं को टीका लगाया जाना है, जिसके विरूद्ध प्रगति बेहद कम है। उन्होंने टीकाकरण कार्य गंभीरता से नहीं लेने और जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन डॉ यशपाल बाल्यान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिला टीकाकरण अधिकारी को भी नोटिस जारी करने के लिए कहा। साथ ही सीएमएचओ को प्रतिदिन मॉनीटरिंग हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

# नाली निर्माण अधूरा छोड़ने से वार्ड 12 के व्यापारियों में आक्रोश, एसडीएम से की शिकायत

रायसेन ■ निसं

जिले के गैरतगंज नगर के वार्ड क्रमांक 12 में सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा नाली का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने से स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में वार्ड वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार को आवेदन सौंपकर उचित वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, नगर के वार्ड क्रमांक 12 ग़ैरतपुर में नायरा पेट्रोल पंप के सामने से पचमढ़ी ढाबा की ओर एक वर्ष पूर्व सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया था। एजेंसी ने एक तरफ का काम तो पूरा कर लिया, लेकिन दूसरी ओर पेट्रोल पंप के सामने से



नाली का निर्माण बीच में ही छोड़ दिया गया है। नाली का निर्माण न होने से दुकानों के सामने का रास्ता बाधित है, जिससे व्यापार ठप होने की कगार पर है। वार्डवासियों ने आशंका जताई है कि यदि बारिश से पहले नाली पूरी नहीं हुई, तो पानी घरों और दुकानों में घुसेगा, जिससे जल भराव का संकट खड़ा हो जाएगा। वार्डवासियों में फोरलेन निर्माण ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता गोपाल राय, दीपेंद्र पटेल, नंदकिशोर, अभिलाष कुमार, शेरसिंह, सुमित, पवन गौर सहित अन्य वार्ड वासियों ने प्रशासन से मांग की है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।: संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436, 9826735596. व्यवस्थापक: श्याम अग्रवाल, भोपाल कार्यालय: 4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।